


दैनिक
# पुष्पांजली टुडे
नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 341

ग्वालियर, बुधवार 31 अगस्त 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.




## संक्षिप्त समाचार

### इराक में श्रीलंका की तर्ज पर हिंसक प्रदर्शन, हजारों प्रदर्शनकारी संसद में दाखिल हुए

**बगदाद।** इराक में इरान समर्थक मोहम्मद अल सुदानी को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बनने का विरोध अचानक हिंसक हो गया। श्रीलंका की तरह वहां भी विरोध जताने के लिए हजारों प्रदर्शनकारी संसद में दाखिल हो गए। इसकारण हालात बेकाबू हो गए। बगदाद से जो तस्वीरें सामने आई उसमें हजारों की संख्या में प्रदर्शनकारी दीवारें फांद कर संसद के अंदर दाखिल होते दिख रहे हैं। एक अन्य तस्वीर में विरोध कर रहे लोग संसद में अंदर हंगामा करते नजर आए। खबर है, कि जिस इलाके में प्रदर्शनकारियों ने कब्जा जमाया है वहां न केवल संसद है बल्कि तमाम देशों के दूतावास भी हैं। इराक के प्रभावशाली शिया धर्मगुरु मुक्तदा अल-सदर द्वारा राजनीति से हटने की घोषणा के बाद सैकड़ों प्रदर्शनकारियों ने बगदाद में इराकी संसद पर धावा बोल दिया। नाराज अनुयायियों ने महल के फाटकों की ओर जाने वाले अवरोधों को गिराने के लिए रस्सियों का इस्तेमाल कर सुरक्षा बलों से भिड़ गए। इस दौरान अल-सद्र के समर्थकों और सुरक्षा बलों के बीच हिंसक झड़प हुई, जिसमें कम से कम 15 प्रदर्शनकारियों की मौत हो गई। इराक की सेना ने बढ़ते तनाव को शांत करने के उद्देश्य से शहर भर में कर्फ्यू की घोषणा कर दी। इराक के कार्यवाहक प्रधानमंत्री मुस्तफा अल-कदीमी ने कैबिनेट का सत्र निलंबित कर दिया।

### शिया धर्मगुरु के राजनीति छोड़ने की घोषणा के बाद हिंसा, 15 लोगों की मौत

**बगदाद।** इराक के प्रभावशाली शिया धर्मगुरु मुक्तदा अल-सद्र ने राजनीति से हटने की घोषणा की, जिसके बाद उनके हजारों समर्थक भड़क गए और सरकारी महल में जा घुसे। इस दौरान अल-सद्र के समर्थकों और सुरक्षा बलों के बीच हुई हिंसक झड़प में 15 प्रदर्शनकारियों की मौत हुई है, जबकि 100 से अधिक लोग घायल हुए हैं। इराक की सेना ने बढ़ते तनाव को शांत करने के उद्देश्य से शहर में कर्फ्यू लागू कर दिया। इराक के कार्यवाहक प्रधानमंत्री मुस्तफा अल-कदीमी ने कैबिनेट का सत्र निलंबित कर दिया। चिकित्सा अधिकारियों ने कहा कि शिया धर्मगुरु की घोषणा के बाद विरोध प्रदर्शनों के दौरान दंगा रोधी पुलिस द्वारा की गई गोलीबारी, आंसू गैस के गोले छोड़ने से दर्जनों लोग घायल हो गए। अधिकारियों के अनुसार, रात के समय अल-सदर के समर्थक और पुलिस में झड़प शुरू हो गई और इस दौरान गोलीबारी में एक महिला घायल हो गई। मशीन गन की आवाजें मध्य बगदाद में देर रात तक गूंजती रहीं। सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि झड़प में मोर्टार और रॉकेट चालित ग्रेनेड का इस्तेमाल किया गया।

### राष्ट्रपति भवन पर हमले के बाद प्रदर्शनकारियों ने स्विमिंग पूल में लगाई डुबकी

**नई दिल्ली।** इराक के प्रभावशाली शिया मौलवी मुक्तदा अल-सद्र ने राजनीति छोड़ने का ऐलान किया, जिसके बाद देश भर में हिंसा भड़क गई। हिंसक विरोध प्रदर्शन के कारण देश की स्थिति बदतर होती जा रही है। ताजा जानकारी के अनुसार अब तक हिंसक झड़पों के कारण मरने वालों की संख्या 20 तक पहुंच गई है। वहीं 300 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। रिपोर्टों के अनुसार भीड़ को नियंत्रित करने के लिए सेना ने हैंड ग्रेनेड और आंसू गैस का इस्तेमाल किया और इस प्रक्रिया में सोमवार को कई लोगों की जान चली गई। यह ठीक उसी तरह है, जैसे श्रीलंका में आर्थिक संकट के विरोध में राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे के आवास में जनता के घुसने के बाद हुआ था। समानताएं यहीं समाप्त नहीं होती हैं इराकी प्रदर्शनकारियों को स्विमिंग पूल में डुबकी लगाते हुए देखा गया है। कुछ ऐसा ही हुआ था जब श्रीलंका में प्रदर्शनकारी कोलंबो में राजपक्षे के पूल में कूद गए थे। संघर्ष इराक के राजनीतिक संकट के कारण हुआ है, क्योंकि देश 10 महीने से अधिक समय से स्थिर सरकार के बिना रहा है। 2003 में संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा देश पर हमला करने के बाद से सबसे लंबा है। मालूम हो कि यह पहली बार नहीं है जब अल-सद्र ने संन्यास की घोषणा की है। वह इससे पहले भी ऐसी घोषणा कर चुके हैं।

### बांग्लादेश ने मोर्टार दागे जाने को लेकर म्यांमार के राजदूत को तलब किया

**ढाका।** बांग्लादेश ने उसके क्षेत्र में दो मोर्टार दागे जाने की घटना पर विरोध जताने के लिए म्यांमार के राजदूत आंग क्यॉ मोए को तलब किया। विदेश कार्यालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। विदेश मंत्रालय के अधिकारियों ने कहा कि रविवार दोपहर में घूमधूम सीमा पर दो मोर्टार गिरने के कुछ घंटे बाद राजदूत को तलब किया गया था। बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) ने कहा कि मोर्टार फटे नहीं और उन्हें बाद में निष्क्रिय कर दिया गया। विदेश सचिव मसूद बिन मोमीन ने कहा हमने तत्काल उन्हें (राजदूत को) बुलाया और अपना विरोध दर्ज कराते हुए उन्हें एक राजनयिक पत्र सौंपा। उन्होंने कहा हमने उनसे यह सुनिश्चित करने को कहा कि इस तरह की घटना फिर नहीं हो। विदेश मंत्रालय और बीजीबी के अधिकारियों ने कहा कि म्यांमार सुरक्षा बलों के हेलीकॉप्टरों ने भी हाल में कम से कम दो बार बांग्लादेश के हवाई क्षेत्र में घुसपैठ की थी। आंग को 21 अगस्त के बाद दूसरी बार रविवार शाम को तलब किया गया था।

## अन्ना ने केजरीवाल की शराबनीति पर उठाए सवाल
## केजरीवाल को अन्ना की नसीहत में दिखी भाजपा

**नई दिल्ली।** कभी दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के गुरु रहे अन्ना हजारे ने आम आदमी पार्टी (आप) सरकार की शराब नीति पर सवाल उठा दिए हैं। एक दशक पहले अन्ना के साथ मिलकर भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन चलाने वाले केजरीवाल को उनकी नसीहत के पीछे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नजर आ रही है। केजरीवाल ने अन्ना के लेटर पर पहली बार प्रतिक्रिया देकर कहा है कि बीजेपी अन्ना के कंधे पर रखकर बंदूक चला रही है। केजरीवाल ने कहा है कि बीजेपी की बात जनता नहीं मान रही है, इसकारण वह अन्ना हजारे का सहारा ले रही है। अरविंद केजरीवाल ने कहा, वे (भाजपा) कहते रहे हैं कि शराब नीति में घोटाला हुआ है, लेकिन सीबीआई ने कहा कि कोई



घोटाला नहीं है। जनता इनकी बात नहीं मान रही है, तब अब ये अन्ना हजारे जी के कांधे पर बंदूख रख के चला रहे हैं। केजरीवाल ने कहा कि सीबीआई ने उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को अनौपचारिक रूप से क्लीन चिट दे दी है। केजरीवाल ने कहा, %हमें किसी भी जांच के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। सीबीआई ने अपनी सारी जांच पूरी कर ली है। मनीष सिसोदिया से 14 घंटे तक पूछताछ की। उन्होंने उनके सवालों का संतोषजनक जवाब दिया। उनके लॉकर में कुछ नहीं मिला। उन्हें अनौपचारिक क्लीन चिट दे दी गई है।

### अन्ना हजारे ने याद दिलाई पुरानी बातें

सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे ने केजरीवाल को लेटर लिखकर उनकी सरकार की नई आबकारी नीति की निंदा की है और लिखा है कि मुख्यमंत्री सत्ता के नशे में चूर लगते हैं। हजारे ने कहा है कि एक ऐतिहासिक आंदोलन को नुकसान पहुंचाने के बाद जन्मी पार्टी अब दूसरे दलों के रास्ते पर है, जो पीड़ादायी है।

## फोन पर केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को न पहचान पाने वाले लेखपाल पर गिरेगी गाज



**अमेठी।** उत्तर प्रदेश के अमेठी जिले से सांसद और केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के फोन को नहीं पहचानने वाले लेखपाल पर गाज गिरी और अब उसके खिलाफ अपने कर्तव्यों का निर्वहन नहीं करने पर जांच के आदेश दिए गए हैं। दरअसल, स्मृति ईरानी शनिवार को जिला का दौरा करने आई थीं। इस दौरान मुसाफिरखाना तहसील के पुरे पहलवान गांव निवासी ने उन्हें शिकायती पत्र देकर कहा था कि उनके पिता की मृत्यु के बाद उनकी मां पेंशन की हकदार हैं, लेकिन लेखपाल द्वारा उनका सत्यापन नहीं किया जा रहा है। शिकायतकर्ता करुणेश (27) ने आगे कहा कि इसके कारण उसकी मां को पेंशन नहीं मिल पा रही है। इस पर केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री ईरानी ने लेखपाल को फोन किया, लेकिन वह उन्हें पहचान नहीं पाए। लेखपाल मुसाफिरखाना तहसील अंतर्गत गौतमपुर ग्राम सभा में तैनात है। अमेठी के मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) अंकुर लाथर ने जानकारी देते हुए बताया कि करुणेश के पत्र के अनुसार, यह मुसाफिरखाना लेखपाल दीपक की ओर से ढिलाई का मामला है और उन्होंने अपने कर्तव्यों का निर्वहन नहीं किया है। अनुमंडल दंडाधिकारी मुसाफिरखाना को मामले की जांच करने को कहा गया है, जिसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### भाजपा नेता सहित 8 लोग गिरफ्तार

## रेलवे प्लेटफॉर्म पर सो रही मां की गोद से बच्चा चोरी करने के वाला गिरफ्तार




**मथुरा।** यूपी में कृष्ण नगरी मथुरा के रेलवे स्टेशन पर सो रही एक मां की गोद से चुराया गया बच्चा सोमवार को फिरोजाबाद से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की महिला पार्षद विनीता अग्रवाल के घर से बरामद हुआ है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। मथुरा रेलवे स्टेशन से सात महीने की बच्ची के अपहरण के मामले में भाजपा के एक पार्षद समेत आठ अन्य को गिरफ्तार किया गया है। करीब एक हफ्ते से लापता बच्चे को बाद में भाजपा नेता के पास से बरामद कर लिया गया। उन्होंने बताया कि बच्चे को उसके माता-पिता को सौंप दिया गया है। अधिकारियों ने कहा कि फिरोजाबाद नगर निगम विनीता अग्रवाल और उनके पति कृष्ण मुरारी अग्रवाल ने शिशु के लिए 1.80 लाख रुपये का भुगतान किया था क्योंकि वे एक पुत्री चाहते थे। फिरोजाबाद की मेयर नूतन राठौर ने पुष्टि की कि विनीता अग्रवाल भाजपा की पार्षद हैं। एसपी (रेलवे) मुस्ताक अहमद ने संवाददाताओं को बताया कि गिरफ्तार किए गए आठ लोगों में दो एएनएम (सहायक नर्स दाइयों), नगरसेवक और उनके पति शामिल हैं। एसपी ने बताया कि संजय नाम का बच्चा 24 अगस्त की सुबह चार बजे चोरी हो गया था, जब उसके माता-पिता सो रहे थे। इस घटना पर समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा पर निशाना साधा है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह बच्चा पार्षद ने कथित तौर पर हाथरस के बच्चा चोर गिरोह संचालक दंपति से एक लाख 80 हजार रुपये में खरीदा था। राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के अधीक्षक मोहम्मद मुश्ताक ने यहां आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गत 24 अगस्त को तड़के साढ़े चार बजे मथुरा जंक?शन के प्लेटफार्म पर सो रही एक महिला के पास से चुराया गया सात माह का बच्चा आज फिरोजाबाद नगर निगम के वार्ड संख्या 51 की महिला पार्षद विनीता के घर से बरामद हुआ है। उन्होंने बताया कि विनीता ने यह बच्चा एक लाख 80 हजार रुपये में एक महिला स्वास्थ्यकर्मी के माध्यम से हाथरस के चिकित्सक दम्पति से खरीदा था।

### आप नेता सिसोदिया ने भाजपा को 'बच्चा चोर' पार्टी कहा


**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने एक बच्चे के कथित अपहरण मामले में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक पार्षद की गिरफ्तारी का दिल्ली विधानसभा में जिक्र कर भाजपा को ''बच्चा चोर'' पार्टी करार दिया। सिसोदिया ने कहा कि झूठी खबर फैलाई गई कि सीबीआई की तलाशी के दौरान उनके लॉकर से संपत्ति के कागजात मिले थे। सिसोदिया ने कहा, हमने विपक्ष के सभी सवालों का जवाब दिया है। हम उनके झूठ का जवाब नहीं दे सकते। सीबीआई को लॉकर में मेरे बेटे के झुनझुना (एक खिलौना) सहित केवल 70,000 रुपये से 80,000 रुपये का सामान मिला है। सिसोदिया ने सदन में विपक्षी विधायकों के हंगामे के बीच यह बात कही। सिसोदिया और उनकी पत्नी उस समय मौजूद थे, जब सीबीआई की चार सदस्यीय टीम ने वसुंधरा, गाजियाबाद में पंजाब नेशनल बैंक की शाखा में उनके लॉकर की तलाशी ली थी। आप नेता दिल्ली सरकार की आबकारी नीति 2021-22 के कार्यान्वयन में कथित अनियमितताओं के संबंध में एजेंसी द्वारा दर्ज प्राथमिकी में नामित 15 लोगों और संस्थाओं में शामिल हैं। वहीं हंगामा जारी रहने के बीच विधानसभा उपाध्यक्ष राखी बिड़ला ने विपक्ष के नेता रामवीर सिंह बिधूड़ी को छोड़कर भाजपा के सभी विधायकों को मार्शल की मदद से सदन से बाहर भेज दिया। बाद में बिधूड़ी ने भी विरोध में सदन से बहिर्गमन किया।

### डॉक्टर अंकल मैं बच जाऊंगी न अंतिम क्षण तक बार बार पूछती रही अंकिता

**रांची।** मौत से पहले पांच दिन तक अंकिता रिम्स में जिंदगी के लिए जूझती रही। इस दौरान वहग बार-बार



चिकित्सकों पूछती रही, डॉक्टर अंकल मैं बच तो जाऊंगी न। रिम्स के बर्न वार्ड में अंकिता का इलाज करने वाले डॉक्टरों और नर्सों ने बताया कि वे जब भी अंकिता को देखने जाते थे, बार बार वो उनसे पूछती थी कि डॉक्टर अंकल, मैं बच तो जाऊंगी न। यह बात वह बार-बार दोहराती रही। इसके अलावा जब नर्सें अंकिता को दवा और सुई देने के लिए जाती थीं तब पूछती थी कि कितने दिनों में ठीक हो जाऊंगी। विशेषज्ञों के अनुसार बर्न मामला में तीन स्टेज होता है, हर स्टेज सात दिनों का होता है। किसी भी स्टेज में कभी भी मौत हो जाती है। कई बार तीसरे स्टेज में ठीक होकर घर जाते वक्त भी मौत हो जाती है। जले हुए मामलों में कभी भी टिशू और पेयर का ब्रेकडाउन होता है। इसलिए अधिकतर मामलों में डॉक्टर मरीजों को तीन सप्ताह तक ऑर्ब्जवेशन में रखते हैं।



## आजाद का आव्हान, एक बेह्तर जम्मू-कश्मीर के लिए मेरे साथ आइए

**नई दिल्ली।** 26 अगस्त को कांग्रेस का साथ छोड़ने वाले गुलाम नबी आजाद इन दिनों चर्चाओं में बने हैं। पार्टी की खामियों को वहां लगातार मीडिया के सामने रख रहे हैं। वहीं कांग्रेस समर्थकों का कहना है कि आजाद ने पार्टी का साथ तब छोड़ा है, जब जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव होने को है और वे अपना फायदा कहीं और देखते हैं। आजाद ने पोस्ट के जरिये बता दिया है कि वे जम्मू-कश्मीर को बेहतर बनाएंगे और अपने समर्थकों को कहा है कि वे निराश नहीं होने देने वाले है। आजाद ने कहा है कि, मेरे इस नए शुरुआत में जम्मू-कश्मीर के कोने-कोने से लोगों द्वारा और राजनीतिक नेतृत्व से मिल रही शुभकामनाओं को देखकर खुशी हो रही है। मैं उन्हें निराश नहीं होने दूंगा। हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, बौद्ध और अन्य -हम मिलकर जम्मू-कश्मीर में विकास और शांति के एक नए युग की शुरुआत करने वाले हैं। हमने काफी कुछ सहा है। हमने जो खोया है उसे फिर से बनाने के लिए हम मिलकर संघर्ष करने वाले हैं। एक बेहतर जम्मू-कश्मीर के लिए मेरे साथ आइए। उन्होंने कहा, सुबह 11 बजे, 4 सितंबर को सैनिक फार्म, सैनिक कॉलोनी जम्मू में पब्लिक मीटिंग होगी। बता दें कि आजाद कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता थे। 26 अगस्त को पार्टी से इनका इस्तीफा देना सभी को चौकाकर रख दिया था। बीते दिनों में कई नेताओं ने पार्टी से इस्तीफा दिया है और ये सिलसिला अभी तक जारी है। अभी कांग्रेस अध्यक्ष का भी चुनाव होना है, लेकिन इससे पहले पार्टी टूटती दिखाई दे रही है।

### बेंगलुरु के ईदगाह मैदान में गणेश उत्सव मामला पहुंचा

## सुप्रीम कोर्ट की तीन जजों की पीठ के पास

**बेंगलुरु।** कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु के ईदगाह मैदान में गणेश उत्सव मामले पर सुप्रीम कोर्ट की नई बेंच में सुनवाई जारी है। मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने मामले को चीफ जस्टिस की बेंच को भेजा था। सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि मामले को भारत के मुख्य न्यायाधीश के सामने रखा जाए, क्योंकि मामले की सुनवाई करने वाले दोनों जजों के बीच सहमति नहीं है। इसके बाद वकीलों ने भारत के चीफ जस्टिस यूयू ललित की बेंच के सामने मामले को मेंशन किया। सीजेआई यूयू ललित ने तीन जजों की बेंच का गठन किया है, जिसमें जस्टिस इंदिरा बनर्जी, जस्टिस एएस ओक और जस्टिस सुंदरेश शामिल हैं। कर्नाटक वक्फ बोर्ड ने कर्नाटक हाईकोर्ट के उस आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है, जिसमें बेंगलुरु के



चामराजपेट के ईदगाह मैदान में गणेश चतुर्थी समारोह की अनुमति दी गई थी। मुस्लिम निकाय का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि क्षेत्र में अनावश्यक धार्मिक तनाव पैदा किया जा रहा है। पिछले हफ्ते, कर्नाटक हाईकोर्ट ने बेंगलुरु के चामराजपेट के ईदगाह मैदान में गणेश चतुर्थी समारोह आयोजित करने की अनुमति दी थी। हाईकोर्ट ने कहा था कि सरकार त्यौहार को धरातल पर अनुमति देने के लिए फैसला ले सकती है। राज्य सरकार की ओर से यथास्थिति बनाए रखने के 25 अगस्त के अंतरिम आदेश को चुनौती देने वाली अपील दायर करने के बाद अदालत ने यह आदेश पारित किया। हाईकोर्ट ने अंतरिम आदेश में संशोधन किया। कोर्ट ने राज्य सरकार को 31 अगस्त से सीमित अवधि के लिए धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए जमीन के इस्तेमाल की मांग करने वाले आवेदनों पर विचार करने का निर्देश दिया। कर्नाटक के हुबली-धारवाड़ नगर निगम (एचडीएमसी) ने ईदगाह मैदान में तीन दिनों के लिए गणेश प्रतिमा स्थापित करने की अनुमति देने का फैसला किया है। महापौर ने कहा, 'सदन की समिति ने कानूनी विशेषज्ञों से परामर्श लेने के बाद गणेश उत्सव की अनुमति देने की अनुशंसा की थी। इस उत्सव को अनुमति देने के पक्ष में 28 और विरोध में 11 ज्ञापन मिले थे।

### कंट्रोल रूम को दी धमकी-'गणेश चतुर्थी पर करेंगे 26/11 जैसा अटैक

**मुंबई।** आर्थिक राजधानी मुंबई में इस साल गणेश चतुर्थी पर लोगों में काफी उत्साह है। 2 साल बाद यह पर्व बिना पाबंदियों के मनाया जाएगा। मुंबई पुलिस अलर्ट मोड में है। मुंबई ट्रैफिक कंट्रोल रूम में एक कॉल आई है, जिसमें धमकी दी गई है कि गणेश चतुर्थी को मुंबई में 26/11 जैसा आतंकी हमला करेंगे। इसके बाद मुंबई में पुलिस को अलर्ट कर दिया गया है। ज?वॉइंट सीपी (लॉ एंड ऑर्डर) विश्वास नांगरे पाटिल ने बताया कि मुंबई पुलिस सतर्क है। उन्होंने कहा कि जो इस दौरान भीड़ नियंत्रण, ट्रैफिक मॉनिटरिंग और किसी प्राकृतिक आपदा से मुकाबला करने के लिए जरूरी सभी तैयारियां पूरी हो चुकी है। ऐसी स्थिति में घबराने की कोई जरूरत नहीं है। 31 तारीख़ से शुरू होने जा रहे गणेश चतुर्थी के पर्व से 1 दिन पहले पुलिस कमिश ?नर विवेक फणसलकर और ज्वॉइंट सीपी (लॉ एंड ऑर्डर) विश्वास नांगरे पाटिल मुंबई के प्रसिद्ध लालबाग के राजा के पास पहुंचे और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

### बेंगलुरु में लगातार हो रही बारिश से जनजीवन ठप

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में लगातार हो रही बारिश के कारण स्कूलों और कॉलेजों को मंगलवार को बंद कर दिया गया। राजधानी की सड़कों पर जलभराव होने के चलते शहर के लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शहर में सोमवार को हुई भारी बारिश को देखते हुए यह कदम उठाया गया है। बेंगलुरु शहर के डीसी श्रीनिवास ने बताया, भारी बारिश के कारण बेंगलुरु के कई हिस्सों में जलभराव हो गया और सोमवार को कई पेड़ उखड़ गए। भारी बारिश के कारण मंगलवार को बेंगलुरु के स्कूलों और कॉलेजों में छुट्टी घोषित कर दी गई है। बता दें कि भारी बारिश के कारण जनजीवन ठप हो गया है। कई लोगों ने भारी बारिश के चलते हो रही समस्याओं को सोशल मीडिया पर भी शेयर किया। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने बेंगलुरु, बेलगावी और अन्य जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है।

## न्यूज़ ट्रैक....

### वेस्टइंडीज के आलराउंडर रसेल ने टी20 विश्व कप खेलने रखी शर्त

**ब्रिजटाउन** । वेस्ट इंडीज के ऑलराउंडर आंद्रे रसेल ऑस्ट्रेलिया में होने वाले आगामी टी20 विश्व कप में खेलने के लिए तैयार हैं पर रसेल का कहना है कि क्रिकेट वेस्टइंडीज को उनकी बातें माननी होंगी। रसेल ने अपने पूर्व टीम साथी डैरेन सैमी के साथ बातचीत के दौरान कहा, ‘मैं हमेशा ही अपने देश की ओर से खेलना चाहता हूँ और देश को वापस कुछ देना चाहता हूँ पर क्रिकेट वेस्ट इंडीज मेरी बातें मानने को तैयार नहीं होता है तो इसका लाभ नहीं होगा। रसेल ने कहा, हमारा परिवार वेस्टइंडीज टीम है और हमें यह तय करना होगा कि हम उन्हें सर्वश्रेष्ठ अवसर दे सकें। मेरे पास एक ही करियर है। ऐसा नहीं है कि मैं फिर से कुछ काम शुरू कर सकूं। देश के लिए एक और विश्व कप या दो और जीतना चाहता हूँ।’ रसेल ने 67 टी20 मैच खेले हैं और वह साल 2012 तथा 2016 में दो बार विश्व कप जीतने वाली वेस्टइंडीज टीम में शामिल रहे थे।

### गुजरात में पहली बार होंगे राष्ट्रीय खेल

**अहमदाबाद** । 36वें राष्ट्रीय खेल 27 सितंबर से 10 अक्टूबर के बीच राज्य में होंगे। गुजरात में पहली बार इन खेलों का आयोजन हो रहा है। गुजरात में 36वें राष्ट्रीय खेल 27 सितंबर से 10 अक्टूबर के बीच खेले जाएंगे। राज्य के पास इन खेलों की मेजबानी के लिये एक विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा उपलब्ध है और प्रदेश प्रशासन इन्हें सर्वश्रेष्ठ राष्ट्रीय खेल बनाने के प्रयास में लगा है। गुजरात के छह शहरों अहमदाबाद, गांधीनगर, सूरत, वडोदरा , राजकोट और भावनगर मे इन खेलों का आयोजन होगा। इन खेलों में देश के 7000 से अधिक शीर्ष खिलाड़ी 34 इंडोर और आउटडोर खेलों में पदक के लिये उतरेंगे ।'' पिछले दो साल से कोरोना संक्रमण के कारण इन खेलों का आयोजन नहीं किया गया था।

### एसी गोवा ने मोरक्को के सदओई को शामिल किया

**पणजी** । इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) टीम एसी गोवा ने मोरक्को के फुटबॉलर नूह सदओई को अपने साथ जोड़ा है। इसके लिए एसी गोवा ने सदओई के साथ दो साल का अनुबंध किया है। इस अनुबंध के तहत नूह साल 2024 सत्र तक गोवा टीम के साथ बने रहेंगे। क्लब के अनुसार इस खिलाड़ी के आने से टीम बेहतर होगी। साथ ही खिलाड़ियों को नूह के अनुभवों से लाभ मिलेगा। वहीं क्लब में शामिल किये जाने से उत्साहित नूह ने कहा कि यह क्लब मेरे लिए नया नहीं है। हम पिछले दो साल से संपर्क में थे। इस दौरान मुझे टीम के प्रदर्शन को देखने का अवसर मिला था। टीम का प्रदर्शन अब तक अच्छा रहा है।

# एशिया कप में अफगानिस्तान बनाम बांग्लादेश के बीच हुआ मुकाबला

### जीती तो अफगानिस्तान सुपर 4 में पहुंचने वाली पहली टीम बनी

**मुंबई।** एशिया कप में तीसरा मैच मंगलवार को बांग्लादेश और अफगानिस्तान के बीच खेला जाएगा। मुकाबला शारजाह क्रिकेट ग्राउंड पर शाम 7:30 बजे से शुरु होगा। बांग्लादेश का यह टूर्नामेंट में पहला मैच होगा जबकि अफगानिस्तान पहले मैच में श्रीलंका को हराकर आ रही है। अफगानिस्तान की बात करें तो कप्तान नबी, बल्लेबाज गुरबाज, गेंदबाज फजलहक फारुख और ऑलराउंडर राशिद खान शानदार फॉर्म में हैं। अगर अफगानिस्तान मुकाबले में बांग्लादेश को हरा देती है, तो अफगानिस्तान टीम टूर्नामेंट के सुपर 4 में पहुंचने वाली पहली टीम बन जाएगी। अफगानिस्तान की जीत चाहे छोटी हो या बड़ी, वह सुपर 4 में एंट्री कर लेगी। दोनों टीमों के साथ ग्रुप बी में श्रीलंका शामिल है, और ग्रुप स्टेज का ये अफगानिस्तान अपना आखिरी मैच खेलने




उतरेगी। सुपर 4 के मुकाबले 3 सितंबर से खेले जाने हैं।

### कहां देख सकते हैं मुकाबला?

भारत में मैच का लाइव प्रसारण स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क के चैनल पर होगा। हिंदी, इंग्लिश समेत कई क्षेत्रीय भाषाओं में कमेंट्री होगी। ऑनलाइन स्ट्रीमिंग ऐप हॉटस्टार पर मैच का लाइव आनंद लिया जा सकता है।

### शाकिब अल हसन से बांग्लादेश को उम्मीदें

शाकिब अल हसन की अगुआई वाली बांग्लादेशी टीम जीत के साथ अपना खाता खोलने का लक्ष्य लेकर मैदान में उतरेगी। बांग्लादेश की टीम मुशफिकुर रहीम, महमुदुल्लाह और मुस्तफिजुर रहमान पर भरोसा करेगी। इधर अफगानिस्तान का पहली जीत के बाद से उत्साह सातवें आसमान पर है। फजलहक फारूकी के 3 विकेट और रहमानुल्ला गुरबाज के 18 गेंदों पर 40 रन की शानदार पारी की बदौलत अफगानिस्तान ने श्रीलंका को 8 विकेट से करारी शिकस्त दी थी।

बतौर कप्तान शाकिब अल हसन और मोहम्मद नबी आमने-सामने होंगे। शारजाह में टॉस काफी महत्वपूर्ण होगा, जीतने वाले कप्तान पहले गेंदबाजी का फैसला ले सकते हैं। 16 हजार दर्शकों की क्षमता वाले इस स्टेडियम का ग्राउंड थो?ा छोटा है। बल्लेबाजी के लिए काफी अच्छा मैदान है। यहां पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम को 200 से अधिक रन बनाने होंगे।

### माउंट एवरेस्ट की चोटी पर पहुंचने वाले अरुणाचल के पर्वतारोही तापी म्रा लापता

**ईटानगर** । पर्वत श्रंखला माउंट एवरेस्ट की चोटी पर पहुंचने वाले अरुणाचल प्रदेश के पहले व्यक्ति तापी म्रा पिछले सात दिनों से लापता बताए जा रहे हैं। दरअसल तापी, प्रदेश की ऊंची चोटियों में से एक माउंट क्यारीसाटम पर चढ़ाई के आधिकारिक मिशन पर थे। तापी म्रा के लापता होने के बाद पर्वतारोहण और पैराग्लाइडिंग एसोसिएशन ने सोमवार को राज्य के मुख्यमंत्री पेमा खांडू से 37 वर्षीय पर्वतारोही की तलाश करने में मदद की गुहार लगाई। अरुणाचल प्रदेश के पैराग्लाइडिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष, विजॉय सोनम और माउंटेनियरिंग एसोसिएशन ऑफ अरुणाचल प्रदेश के अध्यक्ष, सिका गपक ने पुष्टि की कि तापी लापता हो गए हैं और उनकी तलाश जारी है। तापी म्रा माउंटेनियरिंग एसोसिएशन के महासचिव भी हैं। उन्होंने 21 मई 2009 को दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई की थी। गपक ने कहा, क्यारीसाटम की चढ़ाई करने का तापी म्रा का यह चौथा प्रयास था। पर्वतारोही तापी म्रा की तलाश में पूर्वी कामेंग जिला मुख्यालय सेप्पा पहुंचे सोनम ने बताया कि पुरोइक जनजाति का एक व्यक्ति क्यारीसाटम पर्वत पर चढ़ने के लिए तापी के साथ गया था, जबकि पांच अन्य कुली आधार शिविर में इंतजार कर रहे हैं। रविवार को सेप्पा लौटे दो कुलियों ने तापी के लापता होने की खबर दी थी। उन्होंने जिले के पहाड़ी इलाकों में पुरोइक गांवों के निवासियों से भी तापी की तलाश करने में मदद करने का आग्रह किया।

# चीनी खिलाड़ी का खुलासा , मैच फिक्स करते हैं कोच और अधिकारी

**बीजिंग** । चीन की एक महिला बैडमिंटन खिलाड़ी ये झाओयिंग ने कोच ओर अधिकारियों पर मैच फिक्स करने के आरोप लगाते हुए कहा है कि साल 2000 में सिडनी ओलंपिक के दौरान उसे चीनी खेल अधिकारियों ने जानबूझकर मैच हारने के आदेश दिये थे। इसके लिए उसे बोनस भी दिया गया था। झाओयिंग के अनुसार कोच के इस आदेश के बाद उसे बेहद निराश हुई थी पर उसके सामने कोई रास्ता नहीं था। झाओयिंग के अनुसार चीनी अधिकारियों का मानना था कि उसके फाइनल में जीतने की अधिक संभावनाएं नहीं हैं , इसलिए उसे अपने ही देश की गोंग झीचाओ के खिलाफ महिला एकल सेमीफाइनल को हारना होगा। झाओयिंग के अनुसार मुख्य कोच ली योंगबो और महिला एकल के मुख्य कोच तांग जुएहुआ ने मैच से एक रात पहले उससे कहा कि उन्हें जानबूझकर हारना है। झाओयिंग ने कहा कि ऐसे फरमान पर आप बहुत बेबस महसूस करते हैं क्योंकि आप पूरे सिस्टम के खिलाफ अकेले हैं। ओलंपिक एक एथलीट के रूप में जीवन में लगभग एक बार मिलने वाला अवसर है, इसलिए जब आपको खुद को हारने देना होता है तो यह वास्तव में दुखद होता है। कोच ने यह भी कहा था कि उसे हार में बहुत स्पष्ट नहीं होना है और उसे मैच को तीसरे राऊंड तक नहीं ले जाना है और गोंग को थकने नहीं देना है। इसके लिए उनको 16,300) का बोनस ऑफर दिया गया, जो एक ओलंपिक चैंपियन को भी दिया गया था। झाओयिंग सेमीफाइनल में गोंग से 11-8, 11-8 से हार गई। इसके बाद गोंग ने खिताबी मुकाबला जीता था।

झाओयिंग के अनुसार कोच ओर खेल प्रबंधन का लक्ष्य किसी प्रकार मैच फिक्स कर जीत दर्ज करना रहता है।



टोक्यो में बीडब्ल्यूएफ विश्व चैम्पियनशिप के महिला एकल की विजेता खिलाड़ी पोंडियम में पदकों के साथ नजर आयीं।

# पब में अश्लील हरकत करने वाले खिलाड़ियों पर कार्रवाई करेगा फुटबॉल क्लब

**सिडनी** । ऑस्ट्रेलिया के एक पब में पार्टी के दौरान एक फुटबॉल क्लब ग्लेन विवरली के खिलाड़ियों को अश्लील हरकत करते हुए पाया गया था। अब इस मामले का एक वीडियो वायरल होने के बाद क्लब का एक बयान आया है जिसमें कहा गया है कि दोषी खिलाड़ियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। एक रिपोर्ट के अनुसार यह वीडियो इसी माह का है। एक पब में पार्टी के दौरान इन फुटबॉलरों ने अश्लील हरकत की थी। वीडियो में खिलाड़ी नशे में पाये जाने के साथ ही अन्य लोगों से अभद्र तरीके से व्यवहार कर रहे के। इस घटना का वीडियो वायरल होने के बाद से ही इन खिलाड़ियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठने लगी थी। अब फुटबॉल क्लब ने एक बयान जारी कर कहा है कि इस मामले में जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी पर यह नहीं बताया कि किस प्रकार के कदम उठाये जाएंगे। क्लब ने कहा कि खिलाड़ियों ने जिस पार्टी में ये हरकत की, उसका आयोजन न तो क्लब ने किया था और न ही उसकी अनुमति दी थी। अब देखना है कि लोगों के विरोध को देखते हुए क्लब इस मामले में क्या कार्रवाई करता है।

## व्यापार न्यूज

### एशियाई बाजारों में उछाल , अमेरिका और यूरोप के बाजार गिरे

**टोक्यो** । एशियाई शेयर बाजार मंगलवारक को बढ़त के साथ ही हरे निशान पर नजर आये। सिंगापुर स्टॉक एक्सचेंज पर आज सुबह 0.28 फीसदी का उछाल आया जबकि जापान का निक्केई 0.78 फीसदी की बढ़त पर था। इसके अलावा ताइवान के बाजार में 0.23 फीसदी और दक्षिण कोरिया के कॉस्पी पर 0.30 फीसदी का उछाल आया। चीन का शंघाई कंपोजिट 0.01 फीसदी की बढ़त पर रहा जबकि हांगकांग के बाजार में 0.37 फीसदी की गिरावट रही। दूसरी ओर अमेरिकी और यूरोपीय बाजारों में गिरावट रही। बाजार में यह गिरावट फेडरल रिजर्व के प्रमुख के ब्याज दरों में राहत नहीं दिये जाने के बयान के बाद आई है। इससे निवेशकों में घबराहट का माहौल है। इससे प्रमुख अमेरिकी शेयर बाजार नेसडेक में कारोबारी सत्र में 1.02 फीसदी की गिरावट आई। वहीं अमेरिका की तरह ही यूरोपीय बाजारों में भी गिरावट आई है। डॉलर की मजबूती के कारण यूरोपीय मुद्रा पाउंड और यूरो भी कमजोर हुई है। इससे शेयर बाजार भी नीचे आया है।

### कार मार्केट में बड़ा धमाका करने वाली है टाटा मोटर्स, नए अवतार में आ रही तीन एसयूवी

**नई दिल्ली** । स्वदेशी ऑटोमोबाइल्स कंपनी टाटा मोटर्स ने अपनी अपकमिंग एसयूवी का एक टीजर वीडियो जारी किया है और इस टीजर में 4 एसयूवी नजर आती हैं। यह स्वदेशी कंपनी इस साल फेस्टिवल सीजन में कार मार्केट में बड़ा धमाका करने वाली है। खबरों की मानें तो टाटा नेक्सॉन के साथ ही टाटा हैरियर और टाटा सफारी नए अंदाज में कंपनी बाजार में उतार सकती है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो 2022 टाटा नेक्सान के साथ ही न्यू हेरियर और न्यू सफारी अपने लग्जरी अवतार में लॉन्च की जा सकती हैं और अगले कुछ ही हफ्तों में इनकी सेल भी शुरू हो जाएगी।एसयूवी सेगमेंट में कॉम्पैक्ट एसयूवी टाटा नेक्सॉन बेस्ट सेलिंग है और इस कार की शुरुआती कीमत 7.60 लाख रुपये से चालू है और 13.95 लाख रुपये तक जाती है। वहीं, टाटा हैरियर मिडसाइज एसयूवी सेगमेंट में काफी पॉपुलर है और इसकी कीमत 14.70 लाख रुपये से लेकर 21.90 लाख रुपये तक है।टाटा की 7 सीटर एसयूवी टाटा सफारी की कीमत 15.35 लाख रुपये से शुरू होकर 23.56 लाख रुपये तक जाती है।

# शेयर बाजार बढ़त के साथ खुला , बीएसई सेंसेक्स 488 अंक उछला

**मुंबई** । मुम्बई शेयर बाजार मंगलवार को तेजी के साथ खुला। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन दुनिया भर के बाजारों से मिले-जुले रुख के बीच ही बैंकिंग शेयरों में भारी खरीददारी से बाजार में यह उछाल आया। इस दौरान तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 488.4 अंक ऊपर आकर 58,461.02 पर पहुंच गया। वहीं पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 154.55 अंक की बढत के साथ ही 17,467.45 पर पहुंच गया। सेंसेक्स के शेयरों में बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस, इंडसइंड बैंक, मारुति, टाटा स्टील, एनटीपीसी, अल्ट्राटेक सीमेंट, भारतीय स्टेट बैंक और एक्सिस बैंक के शेयरों में तेजी रही जबकि भारती एयरटेल और डॉ



रेड्डीज ही नुकसान के साथ ही लाल निशान पर बंद हुए। वहीं अन्य एशियाई बाजारों पर नजर डालें तो सोल और टोक्यो के बाजारों में बढ़त रही जबकि शंघाई और हांगकांग के शेयरों में गिरावट दर्ज की गयी। दूसरी ओर अमेरिकी बाजार सोमवार को गिरावट के साथ बंद हुए थे। सेंसेक्स सोमवार को 861.25 अंक करीब 1.46 फीसदी की गिरावट के साथ ही 57,972.62 पर बंद हुआ था। वहीं दूसरी ओर निफ्टी 246 अंक तकरीबन 1.4 फीसदी फिसलकर 17,312.90 पर आ गया। इकसे अलावा अंतरराष्ट्रीय तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 0.83 फीसदी की गिरावट के साथ ही 104.22 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर था।

# मारुति और महिंद्रा लॉन्च करेंगे 5 डोर एसयूवी

**नई दिल्ली** । मारुति और महिंद्रा दोनों वाहन निर्माता कंपनियों ने 2023 में जिम्नी और थार के बड़े 5-डोर संस्करण लॉन्च करने की घोषणा की है।महिंद्रा ने भारतीय सड़कों पर नई 5-डोर थार की टेस्टिंग पहले ही शुरू कर दी है।दूसरी ओर, सुजुकी जिम्नी के लॉन्ग-व्हीलबेस 5-डोर वर्जन की यूरोप में टेस्टिंग कर रही है।5-डोर जिम्नी के इस साल के अंत से पहले ग्लोबल डेब्यू की खबर है , जबकि ऑटो एक्सपो 2023 में भारत की शुरुआत की उम्मीद है।

5-डोर महिंद्रा थार भी जनवरी में 2023 ऑटो एक्सपो में डेब्यू कर सकती है।नया 5-डोर मॉडल 2-डोर मॉडल की तुलना में लंबे व्हीलबेस के साथ आएगा।जिससे केबिन के अंदर अधिक स्पेस मिल सकेगा।पांच दरवाजों वाला मॉडल मेटल हार्ड टॉप के साथ आने की भी संभावना है.ब्राज़ीलियाई मीडिया रिपोर्ट का दावा है कि नए 5-डोर मॉडल को सुजुकी जिम्नी लांग कहा जाएगा।यह सिएरा पर आधारित होगी और इसमें 300 मिमी लंबा व्हीलबेस होगा और लंबाई 300 मिमी बढ़ाई जाएगी।लीक हुई जानकारी के मुताबिक, नई 5-डोर जिम्नी लॉन्ग की लंबाई 3,850एमएम, चौड़ाई 1,645एमएम और ऊंचाई 1,730एमएम होगी।इसका व्हीलबेस 2,550एमएम, जबकि ग्राउंड क्लियरेंस 210एमएम होगा। कथित तौर पर एसयूवी का वजन 1,190 किलोग्राम है, जो 3-डोर सिएरा से 100 किलोग्राम अधिक है।नई सुजुकी जिम्नी एलडब्ल्यूबी (लॉन्ग व्हील बेस) को आराम दिया जाएगा और यह नए डिजाइन तत्वों के साथ आएगी।ब्रांड की नई डिज़ाइन लैंग्वेज में कार के फ्रंट में बदलाव किया जाएगा। लंबे व्हीलबेस की बदौलत, बूट स्पेस मौजूदा 85-लीटर से काफी बढ़ने की उम्मीद है।यह ब्रेज़ा के 1.5एल के15सी पेट्रोल इंजन के माइल्ड हाइब्रिड तकनीक के साथ पावर्ड होने की संभावना है।ट्रांसमिशन ऑप्शन में 5-स्पीड मैनुअल और 6-स्पीड टॉर्क कन्वर्टर ऑटोमैटिक शामिल होने की संभावना है। बता दें कि महिंद्रा ने 2020 में नई पीढ़ी की महिंद्रा थार लाइफस्टाइल एसयूवी लॉन्च की थी। एसयूवी को खरीदारों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है। वर्तमान में इस कार के लिए12 महीने से ज्यादा का वेटिंग पीरियड है। एमएसआईएल ने 2020 ऑटो एक्सपो में 3-डोर जिम्नी को शोकेस किया था।

### पेट्रोल-डीजल की कीमतों में नहीं हुआ बदलाव



**नई दिल्ली** । अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल (क्रूड) की कीमतों में आये उछाल के बाद भी देश में इसकी कीमतें पहले की तरह ही बनी हुई हैं। तेल कंपनियों की ओर से पेट्रोल-डीजल की कीमतों में आज भी कोई बदलाव नहीं किया गया है और राजधानी दिल्ली में पेट्रोल पेट्रोल 96.72 रुपये और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर बना हुआ है। वहीं ब्रेंट क्रूड की कीमतों में पिछले 24 घंटे के आयी तेजी के बाद इसकी कीमत 104.7 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई है। इसी प्रकार डब्ल्यूटीआई का भाव भी करीब 3.5 डॉलर ऊपर आकर 96.77 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया। दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर जबकि मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर बना हुआ है। चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर होने के साथ ही कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये और डीजल 92.76 रुपये प्रति लीटर पर है। नोएडा में पेट्रोल 96.79 रुपये और डीजल 89.96 रुपये प्रति लीटर पहुंच गया है।

# दीप पर्व से होगा जियो की 5जी सेवा का आगाज, आरआईएल की वार्षिक बैठक मे बोले अंबानी

**नई दिल्ली** । देश के सबसे बड़े उद्योग घराने रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) के सीएमडी मुकेश अंबानी ने आज कंपनी की 45वीं वार्षिक आम सभा (एजीएम) में सभी शेयरधारकों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कई बड़ी घोषणाएं भी की हैं। इनमें जियो की 5जी सर्विस से जुड़े प्लान की भी घोषणा शामिल थी। इस आमसभा का विभिन्न मंचों पर प्रसारण हुआ। इसे लोगों को डिजिटल तरीके से जोड़ने का एक प्रयास माना जा रहा है। रिलायंस इंडस्ट्रीज दुनिया की कुछ गिनी-चुनी कंपनियों में से एक है जो अपनी आमसभा का वर्चुअल रियलिटी मंच के अलावा सोशल मीडिया मंचों पर लाइव प्रसारण करती है। इस बैठक का आधिकारिक जियोमीट प्रसारण भी किया गया। आइए, यहां एजीएम की मुख्य बातों के बारे में जानते हैं। मुकेश अंबानी ने कहा - मुझे, हमारी 'व्यक्तिगत बातचीत और हमारा गर्मजोशी से मिलना याद आता है। मुझे पूरी उम्मीद है कि अगले साल हम एक हाइब्रिड मोड पर मिलेंगे, जो भौतिक और डिजिटल दोनों तरीकों का एक संयोजन होगा। स्पीकर्स, इयरबड्स।। बोट्स डेज पर बंपर ऑफर्स, 50 फीसदी तक की छूट। सीएमडी बोले- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त के अपने भाषण में पंच-प्रण या पांच अनिवार्यताओं की बात की थी, जिससे निश्चित तौर पर भारत को 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाया जा सकेगा। उन्होंने अगले 25 वर्षों को भारत के अमृत काल के रूप में वर्णित किया है। यह एक अमृत युग होगा। स्वतंत्रता के बाद की सभी पीढ़ियों ने अब तक सामूहिक रूप से जो कुछ हासिल किया है, भारतीयों की अगली पीढ़ी उससे कहीं अधिक हासिल करने को तैयार हैं और रिलायंस भारत की समृद्धि और प्रगति में पहले से कहीं अधिक योगदान देने को तैयार है।




मुकेश अंबानी बोले- हमारी कंपनी 100 बिलियन वार्षिक राजस्व को पार करने वाली भारत की पहली कॉर्पोरेट बन गई है। रिलायंस का कंसोलिडेटेड राजस्व 47 फीसदी बढ़कर 104.6 बिलियन डॉलर हो गया है। रिलायंस के वार्षिक कंसोलिडेटेड ईबीआईटीडीए ने 1.25 लाख करोड़ का महत्वपूर्ण पड़ाव पार कर लिया है। रिलायंस ने समुदाय की सेवा करने के लिए उच्च मानक स्थापित किए है साथ ही बड़े पैमाने पर व्यापार और सामाजिक मूल्यों की भी रचना की है। रिलायंस का निर्यात 75 फीसदी बढ़कर 2,50,000 करोड़ हो गया है; राष्ट्रीय खजाने में रिलायंस का योगदान 39 फीसदी बढ़कर 1,88,012 करोड़ हो गया है, रिलायंस ने वित्त वर्ष 22 में 2।32 लाख नौकरियां दी हैं। अंबानी बोले- जियो का उच्च-गुणवत्ता, मजबूत और हमेशा उपलब्ध रहने वाला फाइबर-ऑप्टिक नेटवर्क, भारत के डेटा ट्रैफिक की रीढ़ है। जियो का अखिल भारतीय फाइबर-ऑप्टिक नेटवर्क 11 लाख किमी से भी अधिक लंबा है। इससे पृथ्वी के 27 बार चक्कर लगाए जा सकते हैं। जियो फाइबर अब भारत में नंबर हैशटैग1 एफटीटीएक्स सेवा प्रदाता है, जिसमें 70 लाख से अधिक परिसर जुड़े हुए हैं। यह उपलब्धि कोविड-19 लॉकडाउन के बावजूद दो साल से भी कम समय में हासिल हुई है। हम फिक्स्ड ब्रॉडबैंड के मामले में भारत को टॉप-10 देशों की लीग में ले जाएंगे। विशेष तौर पर फिक्स्ड ब्रॉडबैंड में डिजिटल कनेक्टिविटी बना रहा है।

मुकेश ने कहा- आज मैं जियो 5जी की घोषणा करना चाहता हूं। हम 10 करोड़ घरों को अद्वितीय डिजिटल अनुभवों और स्मार्ट होम सॉल्युशन्स से जोड़ेंगे। दिवाली तक जियो 5जी सर्विस लांच हो जाएगी। दिल्ली, मुंबई, कोलकाता और चेन्नई के मेट्रो शहरों में दिवाली 2022 तक सर्विस लॉन्च की जाएगी। दिसंबर 2023 तक 18 महीनों में पूरे भारत को कवर करने के लिए इसे अन्य शहरों और कस्बों में तेजी से विस्तारित किया जाएगा। जियो की महत्वाकांक्षी 5जी रोलआउट योजना दुनिया में सबसे तेज होगी। रिलायंस रिटेल ने 2 लाख करोड़ रुपये के कारोबार और 12,000 करोड़ रुपये के ईबीआईटीडीए को हासिल किया है। यह एशिया के शीर्ष दस रिटेल विक्रेताओं में से एक है।

### रुपया बढ़त के साथ खुला

**मुंबई** । अमेरिकी डॉलर के मुकाबले मंगलवार को भारतीय रुपया बढ़त के साथ खुला। सप्ताह के दूसरे की कारोबारी दिन अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सात पैसे बढ़कर 79.84 पर पहुंच गया। वहीं अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 79.92 पर खुला और शुरुआती कारोबार में उछाल के साथ ही 79.84 पर पहुंच गया। इस प्रकार रुपये में पिछले बंद भाव के मुकाबले सात पैसे की बढ़त आई। वहीं गत दिवस अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 79.91 पर बंद हुआ था। इसीबीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.06 फीसदी टूटकर 108.76 पर आ गया।

# कई फिल्मों में काम करने के बाद भी बॉलीवुड में सिक्का जमा नहीं पाई ट्यूलिप जोशी



फिल्म इंडस्ट्री में स्टार बनने का सपना लेकर कई लोग आते हैं मगर हर किसी की किस्मत में वो खास मुकाम पाना मुमकिव नहीं होता है. कुछ को बॉलीवुड में एंट्री तो मिल जाती है मगर वो अपनी एक्टिंग से फैंस का दिल नहीं जीत पाते हैं और गुमनामी में खो जाते हैं. आज हमारे खास सेग्मेंट में खोया खोया चांद में हम आपको एक ऐसी ही एक्ट्रेस के बारे में बताने जा रहे हैं जिन्होंने बॉलीवुड में यश राज फिल्मस से एंट्री की मगर अपनी छाप नहीं छोड़ पाईं. आज हम आपको एक्ट्रेस ट्यूलिप जोशी के बारे में बताने जा रहे हैं.

ट्यूलिप जोशी ने यशराज की फिल्म मेरे यार की शादी है से डेब्यू किया था. इस फिल्म में वह जिमी शेरगिल और उदय चोपड़ा के साथ काम किया था. आदित्य चोपड़ा ने ट्यूलिप को एक शादी में देखा था और उन्हें फिल्म का ऑफर दे डाला था. जिसके बाद ट्यूलिप ने ऑडिशन दिया था और उन्हें मेरे यार की शादी है मिल गई थी.

ट्यूलिप को पहली फिल्म के बाद कुछ खास सफलता नहीं मिली थी. उन्होंने कई फिल्मों में काम किया. मगर बात नहीं बनी. क्रिटिक के साथ फैंस ने भी उनकी एक्टिंग को पसंद नहीं किया. जब ट्यूलिप की बॉलीवुड में बात नहीं बनी थी तो उन्होंने साउथ इंडस्ट्री का रुख कर लिया था. उन्होंने तेलुगू, मलयालम, कन्नड़ फिल्मों में काम किया मगर एक्ट्रेस यहां भी अपनी पकड़ नहीं बना पाईं.

ट्यूलिप जोशी ने बॉलीवुड में एक बार फिर हाथ आजमाने की कोशिश की थी. वह दिल मांगे मोर में शाहिद कपूर के साथ नहीं आईं मगर ये फिल्म बुरी तरह से फ्लॉप हो गई थी. ट्यूलिप ने फिल्म मातृभूमि में भी काम किया था. कन्या भ्रूण हत्या पर बनी ये फिल्म बेशक हिट साबित नहीं हुई थी लेकिन इस फिल्म में ट्यूलिप की एक्टिंग की काफी तारीफ की गई थी. ट्यूलिप को फिल्मों में काम करने के दौरान कैप्टन विनोद नायर से प्यार हो गया था. दोनों 4 सालों तक लिव इन रिलेशनशिप में रहे और उसके बाद दोनों शादी के बंधन में बंध गए थे. दोनों की शादी के बारे में किसी को ज्यादा जानकारी नहीं है. विनोद 6 सालों तक इंडियन आर्मी में रहे थे. उसके बाद उन्होंने आर्मी छोड़ दी थी. फिल्म इंडस्ट्री में अपनी खास पहचान ना बना पाने के बाद ट्यूलिप ने इंडस्ट्री को छोड़ने का फैसला ले लिया था. इस समय वह अपने पति की ट्रेनिंग और मैनेजमेंट कंसल्टिंग फर्म में डायरेक्टर पद पर हैं. दोनों पति-पत्नी इस समय अपने बिजनेस से लाखों कमा रहे हैं।

## जिनल जोशी की सेन्सुयस पोज़ देख मचले फैंस



मराठी मॉडल जिनल जोशी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। आजकल जिनल कोरोना वायरस से खुद का बचाव कर रही हैं और अपनी फैमिली के साथ चालिटी टाइम स्पेंड कर रही हैं। हाल ही में जिनल ने अपने ऑफिशियल अकाउंट पर एक साथ कई बोल्ड फोटोज पोस्ट की हैं। उनका सेक्सी लुक फैंस को दीवाना बना देता है। वो सोशल मीडिया पर आए दिन अपनी हॉट तस्वीरें शेयर करते रहती हैं। इस फोटो में जिनल ब्राउन कलर की ब्रा पहन बाथरूम में ग्लैमरस पोज देती हुई नजर आ रही हैं। उनके इस फोटो को फैंस से भी खूब प्यार मिल रहा है। इस फोटो में सबसे खास चीज है कि बीच पर बालू के साथ जिनल का पोज, देखने लायक है। जिनल जोशी की ये कातिल अदाएं फैंस को सोशल मीडिया पर दीवाना बना रही हैं। जिनल जोशी के फैंस उन्हें जल्द से जल्द बॉलीवुड में डेब्यू करते देखना चाहते हैं। जिनल जोशी ने अपने अंदाज से लोगों का दिल जीतने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। वह अकसर अपनी फोटो और वीडियो शेयर कर फैंस के साथ जुड़ी रहती हैं। कातिल अदाएं देख आप भी हो जाएंगे कायल. तस्वीरों में जिनल जोशी अपनी हॉट लुक से इंटरनेट की दुनिया में कहर ढा रही हैं.अपनी बेहतरीन फिटनेस को लेकर हमेशा लोगों के बीच चर्चा में रहती हैं. बीते दिनों जिनल जोशी बॉलीवुड डेब्यू को लेकर भी कुछ बातें सामने आई थीं।

# करण जौहर ने किया नए प्रोजेक्ट का ऐलान जलियांवाला बाग हत्याकांड पर बनाएंगे फिल्म



करण जौहर बॉलीवुड के दिग्गज फिल्म निर्माता हैं। उन्होंने फिल्म जगत को कई सुपरहिट फिल्मों की सौगात दी है। अब करण ने एक नए प्रोजेक्ट की घोषणा कर दी है। वह जलियांवाला बाग हत्याकांड को केंद्र में रख कर एक फिल्म बनाने वाले हैं। करण ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर भी फिल्म से जुड़ी जानकारियों को साझा किया है। करण की धर्मा प्रोडक्शन ने स्टील एंड स्टील मीडिया के साथ मिलकर फिल्म की घोषणा की है। करण ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्म से संबंधित जानकारी शेयर की है। उन्होने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, ऐतिहासिक व्यक्तित्व सी शंकरन नायर की अनकही कहानी को बड़े पर्दे पर लाने को लेकर बेहद उत्साहित और सम्मानित महसूस कर रहा हूं। फिल्म का निर्देशन करण सिंह त्यागी द्वारा किया जाएगा। विस्तृत जानकारी के लिए प्रतीक्षा करें। यह फिल्म वकील शंकरन की जिंदगी पर आधारित है। फिल्म का टाइटल द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ सी शंकरन नायर रखा गया है। बताया गया है कि यह फिल्म उस अदालती लड़ाई को पेश करेगी, जो शंकरन ने जलियांवाला बाग हत्याकांड के बारे में सच्चाई को सामने लाने के लिए ब्रिटिश सरकार के खिलाफ लड़ी थी। यह फिल्म वास्तविक जीवन की घटनाओं से प्रेरित होगी। यह फिल्म शंकरन के परपोते रघु पलट और उनकी पत्नी पुष्पा पलट द्वारा लिखी गई किताब द केस दैट शूक द एंपायर पर आधारित है। फिल्म के लीड कास्ट की घोषणा जल्द हो सकती है। शंकरन का जन्म मलाबार के चेत्तर परिवार में 1857 में हुआ था। शंकरन एक वकील थे, जिन्होंने 1897 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष के रूप में भी कार्य किया था। उन्होंने 1922 में गांधी और अराजकता नामक पुस्तक भी लिखी थी। यह फिल्म जलियांवाला बाग नरसंहार की सच्चाई को उजागर करने के लिए अंग्रेजों के खिलाफ लड़ी गई उनकी अदालती लड़ाई के इर्दगिर्द घूमेगी। करण के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह कई फिल्मों के प्रोजेक्ट को लेकर व्यस्त हैं। करण अपनी फिल्म शेरशाह को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी नजर आएंगी। वह फिल्म लाइगर का भी निर्माण कर रहे हैं। इसमें विजय देवरकोंडा और अनन्या पांडे लीड रोल में नजर आएंगी। वह दोस्ताना 2, मिस्टर लेले और ब्रह्मास्त्र को लेकर सुर्खियों में हैं। ब्रह्मास्त्र में आलिया भट्ट और रणबीर कपूर प्रमुख भूमिका में हैं।

# शिल्पा शेट्टी ने कमबैक के साथ किया धमाल, हंसी से लोट-पोट हो जाएंगे आप



शिल्पा शेट्टी की फिल्म हंगामा 2 का फैंस को बेसब्री से इंतजार है. यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होने जा रही है. हंसी से भरपूर इस फिल्म में शिल्पा के साथ परेश रावल, मिजान जाफरी, आशुतोष राणा और प्रणिता सुभाष अहम किरदार निभाते नजर आने वाले हैं. इस कॉमेडी फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है. जिसमें परेश रावल का कंफ्यूजन सभी के चेहरे पर हंसी लेकर आ रहा है.

इस तीन मिनट के ट्रेलर की शुरुआत होती है प्रणिता सुभाष के एक बच्ची को अपने साथ लेकर आने से. वह मिजान के घर जाती है और आशुतोष राणा से कहती वो और मिजान कॉलेज में एक दूसरे से प्यार करते हैं और यह बच्चा उन दोनों का है. उसके बाद एंट्री होती है वकील यानि परेश रावल की और शुरू हो जाती है कॉमेडी.

फिल्म में शिल्पा शेट्टी परेश रावल की पत्नी के किरदार में नजर आई हैं. परेश रावल को कंफ्यूजन हो जाता है कि मिजान उनकी पत्नी शिल्पा का आशिक है. परेश रावल का ये कंफ्यूजन आपको हंसी से लोट पोट कर देगा. अब ये कंफ्यूजन कैसे दूर होता है इसके लिए तो आपको फिल्म का इंतजार करना पड़ेगा.

आपको बता दें ये फिल्म हंगामा फ्रेंचाइजी की दूसरी फिल्म है. हंगामा में अक्षय खन्ना, परेश रावल, आफताब शिवदासानी, रिमी सेन लीड रोल में नजर आए थे और ये फिल्म साल 2003 में रिलीज हुई थी.

हंगामा 2 सिनेमाघरों में नहीं ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होने जा रही है. यह फिल्म 23 जुलाई को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज होने वाली है. फैंस इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. हंगामा 2 को प्रियदर्शन ने डायरेक्ट किया है. इस फिल्म में अक्षय खन्ना कैमियो करते नजर आने वाले हैं।

## सात तारीख एक ऐसी कहानी है जिसे बताए जाने की जरूरत है : ऐश्वर्या नारकर




जल्द ही एक लघु फिल्म सात तारीख में नजर आने वाली अभिनेत्री ऐश्वर्या नारकर का कहना है कि यह एक ऐसी कहानी है, जो महत्वपूर्ण है और इसे लोगों के सामने लाए जाने की जरूरत है। लघु फिल्म के बारे में बात करते हुए, ऐश्वर्या कहती हैं, जब फिल्म के निर्देशक कार्तिक सिंह मुझसे मिले और मुझे सात तारीख का एक नरेशन दिया, तो मुझे पता था कि यह एक असामान्य कहानी है और इसे लोगों के सामने लाया जाना चाहिए। भारत में दुष्कर्म एक गंभीर मुद्दा है और हम सभी को कुछ करना चाहिए। हर समय हम केवल इसके बारे में बात करते हैं। वह आगे कहती हैं, सात तारीख के माध्यम से हम यह कहने की कोशिश कर रहे हैं कि एक मां वह होती है, जो अपने परिवार को सिखाती है और हमारे समाज को कई चीजों से अवगत कराती है। इसलिए, जब एक बेटा अपराध करता है, तो एक मां को उसे दंडित करने के लिए हमेशा सही कदम उठाना चाहिए। उन्होंने कहा, कार्तिक ने जिस तरह से पटकथा लिखी है, चरित्र का ग्राफ सटीक रहा है। एक अभिनेत्री के रूप में मुझे बस इसके बारे में सोचने और अपनी पंक्तियां देने की जरूरत थी। मां ने जो विचार व्यक्त किए वे इतने शक्तिशाली हैं कि मैं उनसे आसानी से जुड़ सकती हूं। अपने करियर के बारे में बोलते हुए ऐश्वर्या कहती हैं, मैंने ज्यादातर मराठी में क्षेत्रीय काम किया है और हिंदी में भी कुछ काम किया है। मुझे व्यक्तिगत रूप से लगता है कि एक कलाकार का काम भाषा के कारण प्रतिबंधित नहीं होना चाहिए। मैं एक ऐसे शो से जुड़ना चाहती हूं जिसमें मैं हमारे समाज को एक संदेश दे सकूं और दर्शकों का मनोरंजन कर सकूं।

# टाई डाई लहंगे में माधुरी लगीं बेहद स्टाइलिश और फिट



माधुरी दीक्षित अपने कमाल के फैशन स्टाइल से हर किसी को इंप्रेस करती हैं. 53 साल की माधुरी स्टाइल और फैशन स्टेटमेंट के चलते हमेशा सुर्खियों में छाई रहती हैं. बॉलीवुड की धक -धक गर्ल ने एक बार फिर ट्रेडिशनल लहंगा चोली पहने फोटोज शेयर की हैं जिसके आगे बी- टाउन की यंग एक्ट्रेस का लुक भी फीका नजर आएगा. माधुरी ने व्हाइट कलर का लहंगा पहना है. इस लहंगे में एक्ट्रेस अपनी कमर को फ्लॉन्ट करते नजर आ रही हैं. उनकी फोटोज सोशल मीडिया पर आते ही वायरल हो गई है. इस लहंगे को टाई डाई लुक देते हुए कढ़ाई की गई है. एक्ट्रेस ने इस लहंगे के साथ बंजारा स्टाइल जैकेट कैरी किया है. इस जैकेट में सींचेस की कढ़ाई की गई है. उन्होंने इस आउटफिट के साथ ब्लैक ऑर्गेंजा दुपट्टा कैरी किया है. माधुरी इस लहंगा चोली कट आउटफिट में बेहद स्टनिंग नजर आ रही हैं. एक्ट्रेस ने रीट अरनेजा का डिजाइनर लहंगा पहना है. इस डिजाइनर लहंगे की कीमत 53,760 रूपये है. इससे पहले भी एक्ट्रेस ऑल ब्लैक लुक में नजर आईं थीं. उन्होंने लॉन्ग फिश कट ब्लाउज पहना था जिसमें थ्रेड की कढ़ाई की गई है. माधुरी इस बैकलेस आउटफिट में बहुत हॉट लग रही थीं।

# पेट की मांसपेशियों के लिए लाभदायक हैं ये योगासन, जानिए अभ्यास का तरीका



योग एक ऐसी क्रिया है जो कई तरह की शारीरिक समस्याओं के जोखिम को प्राकृतिक रूप से दूर करने के साथ-साथ शरीर की मांसपेशियों को मजबूती देने में भी मदद कर सकती है। बात अगर पेट की मांसपेशियों की करें तो ऐसे कुछ योगासन हैं जिनका नियमित अभ्यास इन्हें मजबूती देने के साथ-साथ लचीला बनाने में मदद कर सकता है। आइए आज आपको ऐसे ही कुछ योगासनों के अभ्यास का तरीका बताते हैं।

### भुजंगासन

भुजंगासन के अभ्यास के लिए सबसे पहले योगा मैट पर अपने हाथों को अपने कंधों के नीचे रखकर पेट के बल लेट जाएं। अब अपने हाथों से दबाव देते हुए अपने शरीर को जहां तक संभव हो सके, ऊपर उठाने की कोशिश करें। इस दौरान सामान्य तरीके से सांस लेते रहें। कुछ देर इसी मुद्रा में बने रहें और फिर धीरे-धीरे सामान्य हो जाएं। कुछ देर बाद इस योगासन को फिर से दोहराएं।

### सेतुबंधासन

इस योगासन के लिए सबसे पहले योगा मैट पर पीठ के बल सीधे लेट जाएं। अब अपने पैरों को घुटनों से मोड़ें और अपने दोनों हाथों को एड़ियों के करीब लाने की कोशिश करें। इसके बाद अपने कूल्हे और पैरों को धीरे-धीरे ऊपर की ओर उठाएं। अब कुछ सेकंड इसी मुद्रा में रहें और फिर धीरे-धीरे सामान्य अवस्था में आ जाएं। कुछ देर विश्राम के बाद इस योगासन का दोबारा अभ्यास करें।

### पश्चिमोत्तानासन

पश्चिमोत्तानासन करने के लिए योगा मैट पर अपने दोनों पैरों को आपस में सटाकर और आगे की ओर फैलाकर बैठ जाएं। अब दोनों हाथ ऊपर की ओर उठाएं, फिर धीरे-धीरे सांस छोड़ते हुए आगे की ओर झुकें और माथे को घुटनों से सटाते हुए हाथों से पैरों के अंगूठों को पकड़ने का प्रयास करें। कुछ सेकंड के लिए इसी अवस्था में बने रहें और सामान्य रूप से सांस लेते रहें। अंत में गहरी सांस लेते हुए सामान्य हो जाएं।

### कपालभाति

सबसे पहले योगा मैट पर पद्मासन की स्थिति में बैठ जाएं और अपने दोनों हाथों को घुटनों पर ज्ञान मुद्रा में रख लें। इसके बाद अपनी दोनों आंखों को बंद करें और अपने पूरे शरीर को ढीला छोड़कर नाक से गहरी सांस लें। फिर पेट की मांसपेशियों को सिकोड़ते हुए सांस छोड़ें और सांस छोड़ते समय ज्यादा दबाव न डालें। कुछ मिनट इस प्रकिया को करने के बाद धीरे-धीरे आंखों को खोलें और प्राणायाम का अभ्यास बंद कर दें।

## घर पर ट्रेडमिल पर वर्कआउट करते समय कुछ बातों का ध्यान रखें



लंबे समय से जिम बंद है। ऐसे में लोगों ने घर पर ही वर्कआउट करना शुरू कर दिया है। उन्होंने अपने घर में ही एक छोटा सा जिम बना लिया है, ताकि वर्कआउट करने में कोई दिक्कत न हो। अगर आप भी ट्रेडमिल शुरू कर रहे हैं घर पर इन बातों का रखें ख्याल

- हर किसी को नया ट्रेडमिल खरीदने की जरूरत नहीं है। बहुत से लोग हैं जिन्होंने एक पुराना ट्रेडमिल खरीदा है ऐसे लोगों को खरीदते समय अपने मोटर और शॉकर की जांच करनी चाहिए ताकि इसमें कोई समस्या न हो।
- व्यायाम करते समय सीधे ट्रेडमिल पर न चढ़ें। यह आपके लिए कष्टप्रद हो सकता है। व्यायाम करने से आपके घुटनों पर दबाव पड़ता है। इसलिए यदि आप ट्रेडमिल पर व्यायाम कर रहे हैं, तो पहले से 10 मिनट का कसरत सत्र करने का प्रयास करें।
- ट्रेडमिल की गति के बारे में किसी अच्छे ट्रेनर से बात करें।शुरुआत में उसी गति से व्यायाम करें। या कम करें।
- ट्रेडमिल से डरें नहीं क्योंकि सेफ्टी बार की मदद से व्यायाम न करने से आसन प्रभावित हो सकता है। यह आपके घुटने, पैर या शरीर के किसी अन्य हिस्से को भी घायल कर सकता है। इसलिए हर समय सेफ्टी बार पकड़कर व्यायाम न करें।

# किसानों की खाद की समस्या को लेकर किसान कांग्रेस ने कृषि उपज मण्डी में दिया धरना



**मुरैना।** किसानों को समय पर सोसायटी खाद उपलब्ध नहीं करा पा रही है, किसान सुबह 3 बजे से लाइन में लगा रहता है और फिर भी कूपन नहीं मिल पाता, जो किसान बगैर कूपन के रह जाता है, उसे घर वापस लौटना पड़ता है। सोसायटी द्वारा किसानों को तीन कट्टे निर्धारित किए हैं, जो कि गलत है, किसानों को जमीन की जरूरत के हिसाब से खाद मिलना चाहिए, जिस किसान पर जितनी जमीन है, उसे उतनी मात्रा में खाद मिलना चाहिए। यह बात कृषि उपज मंडी में धरना दे रहे कांग्रेसी नेताओं ने कही।

किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष जितेंद्र डंगस ने कहा कि एक तरफ किसान बाढ़ से पीडित है और दूसरी ओर उन्हें खेती के लिए खाद नहीं मिल रहा है तथा पूरे पूरे दिन खड़े होकर उन्हें बमुश्किल खाद नसीब हो रहा है। किसान खेतों में पसीना बहाए, किसानों के लिए दो फिंगर मशीन उपलब्ध नहीं, जबकि भाजपा के नरेन्द्र सिंह तोमर यहां के कृषि मंत्री है और भाजपा के मुख्य मंत्री शिवराज सिंह चौहान अपने आप को किसान का बेटा कहते हैं और यहां किसान खाद-बीज की समस्या से जूझ रहा है। किसानों की इन सभी समस्याओं को लेकर किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह डंगस के नेतृत्व में सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं किसानों मैं मंगलवार को कृषि उपज मंडी प्रांगण में धरना दिया। धरना कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष दीपक शर्मा एवं किसान कांग्रेस अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह डंगस ने तत्काल प्रशासनिक अधिकारियों से बात की और उन्हें मौके पर बुलाया। कांग्रेसी नेताओं ने मुरैना एस.डी.एम को चेतावनी देते हुए कहा कि 2 दिवस के भीतर सोसायटी पर किसानों के लिए टेंट, पानी, कूलर, हर रोज कूपन बांटने की सुविधा नहीं दी गई एवं पर्याप्त मात्रा में खाद नहीं दिया गया तो किसान कांग्रेस सड़कों पर उतरकर उग्र आंदोलन करेगी। इस मौके पर विनोद शर्मा, किशन पंडित, गौरव चतुर्वेदी, कौशल पंडित, हरेंद्र शर्मा, प्रमोद शर्मा हुसैनपुर, रामप्रकाश गुर्जर, जयदीप यादव, संदीप बैंसला, कुलदीप छावई, रामू टुंडेलकर, मनोज बघेल, आकाश रावत, दीपक सोलंकी, राजा गुर्जर, प्रताप माहोर, पुलेंद्र प्रजापति, आदि कांग्रेस कार्यकता मौजूद रहे।

## दृष्टि है तो सृष्टि है, मरणोपरांत नेत्रदान अवश्य करें



**मुरैना।** समाजसेवी महिला हेमा अग्रवाल व ज्योति कदम ने गत दिवस नेत्रदान पखवाड़े के तहत नेत्र चिकित्सक डॉ राजेश शर्मा के समक्ष मरणोपरांत नेत्रदान की शपथ ली। मृत्यु के बाद जीवित रहने के लिए नेत्रदान जरूर करें, यह बात समाजसेवी हेमा अग्रवाल व ज्योति कदम ने नेत्रदान करते समय कही। उन्होंने कहा कि हमें आज बहुत ही खुशी हो रही है कि अपनी मृत्यु के बाद भी हम जीवित रह पाएंगे, हमारी आंखों के माध्यम से किन्हीं दो लोगों की आंखों से इस सुन्दर दुनियां को देख पाएगें। हमारी आंखे 2 जरूरतमंदों के काम आकर हमारे मरने के बाद भी इस दुनिया को देखती रहें, देश मे करीब 1 करोड़ लोग अंधत्व का जीवन जीने के लिये मजबूर हैं, उन्होंने दुनिया को नहीं देखा कि ये दुनिया कितनी खूबसूरत है। इसलिए उन लोगों की मदद करने के उद्देश्य से हम सबको नेत्रदान करना चाहिये। उन्होंने जन समुदाय से आग्रह करते हुए कहा कि नेत्रदान जरूर करें। गौरतलब है कि 25 अगस्त से 8 सितम्बर तक नेत्रदान पखवाड़ा मनाया जा रहा है। हेमा अग्रवाल व ज्योति कदम ने अपील की है कि आप सब भी इस पुनीत कार्य में अपना योगदान दें।

## पल्लिवाल महिला मंडल ने पर्यूषण पर्व पर कार्यक्रमों के लिए बनाई रणनीति

### - विधवा महिला को जीवन यापन करने के लिए भेंट की सिलाई मशीन



**मुरैना।** पल्लिवाल महिला मंडल की सदस्य सरिता जैन बताया कि पल्लिवाल महिला मंडल के भजन लोहिया बाजार दिगम्बर जैन मन्दिर में मिटिंग में यह चर्चा हुई कि आज 31 तारीख से शुरू हो रहे पर्यूषण पर्व पर आयोजित किए जाने कार्यक्रमों के लिए रुपरेखा तैयार की गई। इस दौरान सभी महिलाओं ने इन्द्रर्णी बनकर भक्ति भजन किए। इस क्रम में आगामी आयोजनों के लिए कार्यकारिणी सदस्यों का चयन किया, जिसके लिए सांस्कृतिक मंत्री सुनीता जैन के साथ कल्पना जैन, सरिता जैन, करुणा जैन, शशि जैन की एक टीम तैयार की गई। इस दौरान पल्लिवाल महिला मंडल ने एक विधवा महिला को जीवन यापन करने के लिए सलाई मशीन भेंट की और उसने सलाई सीखने का संकल्प लेते हुए सिलाई करके अपने बच्चों का पालन पोषण करने की बात कही। अध्यक्ष करुणा जैन ने बताया हमें जरुरतमंद महिलाओं के लिए उनका सहयोग करना चाहिए। जिससे वह अपना जीवन यापन कर सकें। कार्यक्रम में अध्यक्ष करुणा जैन, सचिव शशि जैन, बीना जैन, सुनीता जैन, सरिता जैन, शोभा जैन, अनीता, माया, पुष्पा, राजाबेटी, ममता, सविता, कल्पना, सीमा, पारुल, कुमकुम, सभी सदस्य उपस्थिति रहे।

## सत्याग्रह कार्यक्रम के साथ भूख हड़ताल 28 वें दिन भी जारी

**कैलारस।** नगर में शासकीय अस्पताल के सामने आवागमन के परंपरागत मार्ग पर अंडर ब्रिज बनाने की मांग को लेकर नगर वासियों की ओर से किया जा रहा भूख हड़ताल आंदोलन 28 वें दिन भी जारी रहा। नागरिकों व्दारा भूख हड़ताल स्थल पर ही प्रतीकात्मक सत्याग्रह कार्यक्रम भी रखा गया। प्रतीकात्मक सत्याग्रह में हल्केराम जाटव, विनोद शाक्य, नरेश जाटव, बृजलाल जाटव, मिथिलेश श्रीवास, शशि जाटव आदि शामिल रहे। इस दौरान आगे बृहद सत्याग्रह का आयोजन करने का भी निर्णय लिया गया है। मंगलवार को भूख हड़ताल पर ओमप्रकाश श्रीवास, रतीराम जाटव, रामबाबू शाक्य, भौंरू शाक्य प्रमुख रहे। इसी क्रम में एक प्रतिनिधि मंडल शास्त्री मार्ग में भी सबवे बनाने की मांग को लेकर कलेक्टर मुरैना से मिला है।

# हिंदुत्व की अवधारणा को सब मिलकर मजबूत करें

### -विहिप के स्थापना दिवस पर मातृशक्ति ने आयोजित किया कार्यक्रम



**मुरैना।** विश्व हिंदू परिषद के स्थापना सप्ताह के अंतर्गत मातृशक्ति संगठन ने बीते रोज एक कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान उपस्थित लोगों को हिंदुत्व की अवधारणा को मजबूत बनाने की प्रेरणा दी गयी। इसके अलावा बच्चों को संस्कारयुक्त शिक्षा देने पर भी जोर दिया गया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए मातृशक्ति की विभाग संयोजिका भावना जैन ने कहा कि विश्व हिंदू परिषद एक सामाजिक और धार्मिक संगठन है जो सदैव भारत की भलाई के बारे में सोचता है, इसकी अखंडता का पक्षधर है। भारत में रहने वाला हर व्यक्ति हिन्दू है। हम सबको हिंदुत्व के सिद्धांतों पर चलते हुए देशहित में समर्पित रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें अपना पूरा जीवन समाज सुधार में लगाना चाहिए। जिस तरह भगवान श्रीकृष्ण ने जीवन पर्यंत धर्म की राह पर चलने का संदेश दिया, वैसे ही हमें भी अपने धर्म पर चलते रहने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बच्चों में संस्कार देने की महती आवश्यकता है। बच्चों को बड़ों का आदर करने, परोपकार करने, अपने देश से प्रेम करने की शिक्षा बचपन से ही देनी चाहिए। उन्हें पूजा-पाठ का महत्व बताना चाहिए और उनके माथे पर रोज तिलक भी करना चाहिए। कार्यक्रम को विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष सुनील चावला ने भी संबोधित किया। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्रीराम और भारतमाता की पूजा-अर्चना के साथ किया गया। अंत में मातृशक्ति की जिला संयोजिका सपना बंसल ने सभी का आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष सरिता गोयल ने किया।

## मारपीट के आरोपियों को 01-01 वर्ष का सश्रम कारावास व अर्थदण्ड

**मुरैना।** मारपीट करने के मामले में न्यायालय श्रीमान न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, तहसील अंबाह, जिला मुरैना के न्यायालय द्वारा आरोपीगण रामरूप पुत्र कासीराम जोशी, उम्र- 58 वर्ष, उमेश पुत्र रामरूप जोशी, उम्र- 29 वर्ष, शिवकुमार पुत्र रामरूप जोशी, उम्र 27 वर्ष, समस्त निवासीगढ बडापुरा उसैद थाना महुआ जिला मुरैना को भारतीय दण्ड संहिता की धारा 323/34, 325/34 में दोषी पाते हुये 01-01 वर्ष के सश्रम कारावास व कुल 1000-1000 रूपये (कुल 3,000/- रूपये) के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अभियोजन अधिकारी/मीडिया सेल प्रभारी श्रीमती रश्मि अग्रवाल ने बताया कि फरियादी रामप्रसाद ने थाना महुआ पर उपस्थित होकर प्रथम सूचना रिपोर्ट लेखबद्ध कराई कि घटना 19 अप्रेल 2015 को सुबह 06 बजे फरियादी रामप्रसाद तथा उसकी मां व पिता तीनों लोग हार में खेत पर गेहूं काट रहे थे तो गांव के रामरूप व उमेश पूर्व के झगडे को लेकर गाली-गलौंच करने लगे, फरियादी ने गाली देने से मना किया तो आरोपी रामरूप ने लाठी मारी जो फरियादी के सिर में लगी, फरियादी के माता-पिता उसे बचाने आये तब आरोपी शिवकुमार आ गया। शिवकुमार व उमेश ने लाठी मारी जो उसकी मां कैलासी व पिता तहसीलदार सिंह के शरीर में लगी। तीनों आरोपीगण ने उससे एवं उसके माता-पिता से लात-घूंसों से भी मारपीट की। घटना के समय गांव के लोगों ने आकर घटना का बीच-बचाव किया। फरियादी की उक्त रिपोर्ट पर से थाना महुआ पर आरोपीगण के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया। संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियोग पत्र माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। माननीय न्यायालय द्वारा अभियोजन के तर्कों से सहमत होकर आरोपीगण को दण्डित किया गया। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी सोबरन सिंह माहौर, सहा. जिला लोक अभियोजन अधिकारी, तहसील अंबाह, जिला मुरैना द्वारा की गई।

# एमपी में श्री महाराजा अग्रसेन की जयंती पर अवकाश घोषित हो, आज अग्रवाल समाज देगा ज्ञापन




**मुरैना।** मध्यप्रदेश में प्रतिवर्ष महाराजा श्री अग्रसेन जी की जयंती पर राष्ट्रीय अवकाश घोषित करने हेतु अग्रवाल समाज द्वारा बुधवार को प्रदेश के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा को डबरा में ज्ञापन देगा। अग्रकुल प्रवर्तक श्री महाराजा अग्रसेन का जन्म आज से 5000 वर्ष पूर्व हरियाणा के अग्रोहा मे हुआ, जिनको की हम सबकी कुलदेवी जगत जननी मां लक्ष्मी का विशेष आशीर्वाद प्राप्त था, उनके राज्य मैं कभी कोई भी भूखा नही सो सकता था।

श्री महाराजा अग्रसेन पुरे अग्रवाल समाज मैं भगवान के रूप में पूजे जाते हैं और पूरा अग्रवाल समाज उन्ही से प्रेरणा लेकर मानवता की सेवा करने मे हमेशा तत्पर रहता है। ऐसे प्रेरणा दायक विभूति की जयंती पर अग्रवाल समाज पूरे प्रदेश में श्री अग्रसेन जयंती पर अवकाश घोषित करने की मांग करते हुए मध्यप्रदेश सरकार के गृहमंत्री डाक्टर नरोत्तम मिश्रा को उनके निवास डबरा पर ज्ञापन देगा। उक्त जानकारी राजेश ऐरन राष्ट्रीय अध्यक्ष अग्रवाल परिचय सम्मेलन ने दी है। मुकेश सिंघल, अनिल गर्ग, ग्वालियर, दीपक गोयल, सुजीत अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल डबरा, सेवाराम गुप्ता कैलारस, मोनू गोयल सवलगढ, उमेश सिंघल विजयपुर, अमित बंसल मुरैना ज्ञापन देने वालों मे शामिल रहेंगे।

## क्रीड़ा भारती ने किया खेल दिवस पर खेल विभूतियों का सम्मान



**मुरैना।** खेलों के प्रति समर्पित संस्था क्रीड़ा भारती की मुरैना जिला इकाई द्वारा खेल दिवस के अवसर पर नगर के सेवा निवृत्त खेल शिक्षक बृजेन्द्र सिंह तोमर एवं भा.ज.पा. खेल प्रकोष्ठ के प्रदेश सह-संयोजक नीरज शर्मा का सम्मान किया। कार्यक्रम में क्रीड़ा भारती के जिला अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार जैन, उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह परमार, मंत्री मणीन्द्र कौशिक, कोष प्रमुख एल.के.गुप्ता, मातृशक्ति प्रमुख सुजाता तोमर, क्रीड़ा केन्द्र प्रमुख एवं फुटबॉल कोच रामचंद्र तोमर, संपर्क प्रमुख रामदीन परमार एवं खिलाड़ी बालक/बालिका उपस्थित हुए। कार्यक्रम का शुभारम्भ खेल दिवस के प्रणेता देश के महान खेल रत्न स्व. मेजर ध्यानचंद के चित्र पर माल्यार्पण द्वारा किया गया । अपने उद्बोधन में आगंतुक अतिथियों ने नगर में खेल गतिविधियों के अधिकाधिक प्रसार एवं विद्यार्थियों के समग्र विकास में खेल के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन मणीन्द्र कौशिक ने किया।

# समाज के लोग एकजुट नहीं होंगे तब तक राजनीति में अग्रवाल समाज को प्रतिनिधित्व मिलना मुश्किलः मित्तल



**मुरैना।** मंगलवार को अग्रवाल महासभा जौरा की सम्पन्न हुई साधारण सभा की बैठक में वरिष्ठ समाजसेवी एवं म .प्र.अग्रवाल महासभा के प्रांतीय उपाध्यक्ष कैलाश मित्तल ने अपने उदबोधन में कहा कि सभी अग्रवाल बंधुओं को समाज हित में संगठित होकर कार्य करना चाहिए। अभी गत माह सम्पन्न हुए नगरीय निकाय चुनाव में हम लोग आपस में संगठित नहीं रह पाए तथा एक-एक वार्ड से 4-5 समाज के लोग आपस में चुनाव लड़े। वैसे देखा जाय तो अग्रवाल समाज को उनकी संख्या के आधार पर कोई भी पार्टी संख्या के अनुरूप टिकिट नहीं देतीं, यदि जैसे-तैसे टिकट मिल भी जाते हैं, तो हम आपस में ही लड़कर उन्हें हराने का कार्य करते हैं। इसी का परिणाम है कि इस बार जौरा में संपन्न हुए नगरीय निकाय चुनावों में किसी भी राष्ट्रीय पार्टी से अग्रवाल समाज का कोई भी ब्यक्ति चुनाव नहीं जीत पाया। आगे हम सबको इस बात पर गौर करना होगा कि हमें अपने अग्रवाल समाज के लोगों को अधिक से अधिक टिकिट दिलवाकर उन्हें जिताकर भी लाना होगा। उन्होंने समाज की भव्य धर्मशाला निर्माण के लिए अग्रवाल समाज के अध्यक्ष एवँ सभी पदाधिकारियों के योगदान की प्रशंसा करते हुए निर्विरोध पुनः नव निर्वाचित अध्यक्ष अशोक सिंघल को बधाई दी तथा हमेशा समाज हित में पूरे अग्रवाल समाज के लिए हर तरह के सहयोग का भरोसा दिया।

# गणेश महोत्सव आज से, लोगों में भारी उत्साह

### मिट्टी की प्रतिमाओं की भारी डिमांड, पूर्ति नहीं कर पा रहे मूर्तिकार, यूपी तक जा रहे खरीददार



**मुरैना।** गणेश चतुर्थी महोत्सव आज 31 अगस्त बुधवार से आरंभ हो रहा है, जिसको लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह है और युवाओं में काफी जोश देखा जा रहा है। कोरोना काल के बाद पहली बार गणेश महोत्सव धूमधाम से मनाने की तैयारियां जिला मुख्यालय पर जगह-जगह हो रही है, तो वहीं दूसरी ओर मिट्टी की प्रतिमाओं की डिमांड भी अधिक है और मूर्तिकार डिमांड पूरी नहीं कर पा रहे तथा ग्राहक लौट रहे हैं, ऐसे में लोगों को यूपी तक मूर्ति खरीदने के लिए जाना पड़ रहा है। जिला मुख्यालय पर गणेश महोत्सव की तैयारियां जोर शोर से आरंभ हो गई है, इसमें युवा एवं बच्चे अधिक उत्साह से भाग ले रहे हैं, क्योंकि कोरोना काल के बाद यह पहला मौका है, जब गणेश महोत्सव धूमधाम से मनाने की अनुमति मिली है। जगह-जगह गणेश प्रतिमा विराजमान होंगे एवं 9 दिन तक झांकियां लगेगी। गणेश प्रतिमा स्थापित करने के लिए तमाम समाजसेवी एवं युवा मंडलों के कार्यकर्ता मिट्टी की भव्य एवं विशाल प्रतिमा की बुकिंग कर चुके हैं। इधर बड़ोखर नंदे पुरा रोड पर एवं जौरा रोड पर दो स्थानों पर मिट्टी की विशाल प्रतिमा बन रही है। यहां मूर्तिकार वासुदेव राठौर बताते हैं कि मिट्टी की प्रतिमा की डिमांड इतनी अधिक है कि वह पूर्ति नहीं कर पा रहे और और लोग लौट रहे हैं। मिट्टी की प्रतिमा खरीदने के लिए लोगों को उत्तर प्रदेश तक जाना पड़ रहा है। अब लोगों में कुछ वर्षों से मिट्टी की प्रतिमा के प्रति लगाव बड़ा है, क्योंकि मिट्टी की प्रतिमा प्रदूषण रहित होती है और पानी में डालने से गल जाती है। गणेश चतुर्थी के साथ ही लगातार उत्सव आयोजित होंगे, इसे देखते हुए प्रशासन एवं पुलिस द्वारा भी शहर में व्यवस्थाओं को अमलीजामा पहनाया जा रहा है तथा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम भी किए जा रहे हैं।

# लांजी एवं भानेगांव में निश्शुल्क मोतियाबिंद नेत्र शिविर संपन्न

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

**बालाघाट।** महावीर इंटरनेशनल लांजी के द्वारा लांजी के जैन मंदिर भवन में एवं भानेगांव के भूते आई केयर चश्मा दुकान में निःशुल्क मोतियाबिंद शिविर का आयोजन किया गया तथा चिन्हित किए गए मोतियाबिंद मरीजों को संस्था के सारी सुविधाओं के माध्यम से ऑपरेशन के लिए प्रस्थान किया गया। महावीर इंटरनेशनल रीजन-9 डिप्टी डायरेक्टर एवं चेयरमैन लांजी श्री विशाल राउत ने बताया की दिनांक 30 अगस्त 2022 दिन मंगलवार समय प्रातः 11ः00 बजे से जैन मंदिर लांजी में तथा 2ः30 बजे भूत आई केयर चश्मा दुकान भानेगांव में शिविर कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। शिविर में लांजी तथा भानेगांव में 150 लोगों का पंजीयन किया गया तथा 90 मरीज मोतियाबिंद चयनित किया गया , जिसमें लांजी में 50 एवं भानेगांव में 40 मरीज चयनित किए गए,कुछ मरीज बीपी शुगर में कारण अनफिट पाए गए । सभी महावीर सदस्यों के सहयोग से क्षेत्र के मोतियाबिंद से पीड़ित व्यक्तियों की मदद के लिए हर संभव मदद प्रयास जो संभव हो किया जा रहा है।

इस अवसर पर महावीर इंटरनेशनल लांजी के सदस्यों के सहयोग से जिसमें वरिष्ठ क्षेत्र के नागरिक, महिला पुरुष सभी की जांच की गई एवं आवश्यकता अनुसार जिन्हें आवश्यक हो उनकी जांच निशुल्क बीपी शुगर एवं आवश्यक दवाइयां उन्हें निशुल्क दी गई और मार्गदर्शन दिया। साथ ही निशुल्क मोतियाबिंद की जांच भी किया गया जिसमें संस्था के प्रशिक्षक डॉ एवं अरशद खान तथा इंद्र कुमार राजा भूते , मुकेश कोलहे के द्वारा उनकी आंखों की जांच एवं उनके स्वास्थ्य की जांच निशुल्क बीपी शुगर तथा संबंधित रोगों के विषय में विस्तृत जानकारी दी जाएगी एवं जिन जो व्यक्ति मोतियाबिंद से परेशान बच्चे, महिला, पुरुष उन्हें ऑपरेशन संस्था के माध्यम से सारी व्यवस्था संस्था के द्वारा कराया जाएगा और निशुल्क मोतियाबिंद लेंस प्रत्यारोपण ऑपरेशन किया जाएगा यह कार्य महावीर इंटरनेशनल लांजी के द्वारा स्वास्थ्य को लेकर विगत कई वर्षों से पूरे क्षेत्र में है प्रयास किया जा रहा है कि ग्रामीण अंचलों में रहने वाले वरिष्ठ जन आर्थिक रूप से कमजोर और समय के अभाव में इलाज नहीं कराने के कारण जिनकी आंखों में समस्या हो इस कार्य में पूर्ण सहयोग आज भी करेगी और आने वाले समय में यह सतत प्रयास होगा कि पूरे क्षेत्र से अंधत्व की बीमारी का निवारण करें जिन्हें समस्या से ग्रसित हो उन्हें पूर्ण सहयोग करने के लिए महावीर इंटरनेशनल प्रतिबद्ध है और यह सेवा कार्य निरंतर चलती रहेगा यह कार्य कभी नहीं रुकेगा। शिविर कार्यक्रम लांजी, भानेगांव आयोजित किया गया साथ ही आने वाले महीने से ग्राम बहेला में निश्शुल्क मोतियाबिंद लेंस प्रत्यर्पण ऑपरेशन की जांच की जाएगी। इस अवसर पर जिसमें सर्वश्री विशाल राउत खोंगल डिप्टी डायरेक्टर × चेयरमेन लांजी, डॉक्टर समद खान, कृष्णा, अरशद खान, इंद्र कुमार राजा भूते , मुकेश कोल्हे,एवं राधेश्याम नखाते , भूपेश कर्हे, फणींद्र दुरुगकर दादू नाकतोड़े बंटी, खारखते,महावीर इंटरनेशनल लांजी के अन्य सदस्य उपस्थित थे।



## कांग्रेस नेता राजा भैया पाल को नेता प्रतिपक्ष डॉ.गोविन्द सिंह ने सौंपी भिंड जिले की कमान

### जिला अध्यक्ष मान सिंह कुशवाह ने राजा भैया पाल को जिला कांग्रेस कमेटी में दी उपाध्यक्ष पद की दी जिम्मेदारी

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**



**दबोह**-मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ जी एवं मध्यप्रदेश शासन के नेता प्रतिपक्ष लहार विधायक डॉ.गोविन्द सिंह के निर्देशन में भिण्ड जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मान सिंह कुशबाह ने कांग्रेस नेता राजा भैया पाल को भिण्ड जिले में जिला कांग्रेस कमेटी में उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी है।इस मौके पर कांग्रेस के प्रदेश महासचिव खिजर मोहमंद कुरैशी,महामंत्री शिवनारायण दुबे बल्लू वकील,पूर्व युवक कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव अनिरुद्ध प्रताप सिंह,लहार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पंडित राजकुमार शर्मा राजू मौलिया,दबोह नगर पंचायत अध्यक्ष विमला नरेंद्र दुधरिया,उपाध्यक्ष हाकिम सिंह चौधरी एवं नगर कॉग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रूपनारायण खटीक आदि समस्त कांग्रेस जनो ने उन्हें बधाई देते हुए कहा निश्चित रूप से कांग्रेस पार्टी के संगठन में मजबूती आयेगी।इस मौके पर राजा भैया पाल ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविन्द सिंह जी की अनुशंसा पर भिंड जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मान सिंह कुशवाह ने मुझे जो जिम्मेदारी सौंपी है उसका पालन मैं पूरी ईमानदारी के साथ करूंगा।प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ जी एवं नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविंद सिंह के अनुशासन और कीर्तिमान छवि को बरकरार बनाए रखेंगे।समूचे भिंड जिले में देश की आजादी में कांग्रेस पार्टी की भूमिका और देश के विकास में प्रधान मंत्री स्व. राजीव गांधी की सूचना दूरसंचार क्रांति एवं कांग्रेस पार्टी की जन हितैषी नीतियों को जन जन तक पहुंचाने का कार्य करूंगा।कांग्रेस पार्टी के संगठन को मजबूत करना दलित,शोषित पीड़ित पिछड़े,कमजोर लोगों की आवाज को कांग्रेस पार्टी के बैनर पर दमदारी के साथ उठाता रहूंगा।

# वक्त की पाबन्द शिक्षिका के रूप में जाना जाएगा शिक्षिका सरला का कार्यकाल

### शासकीय सेसई स्कूल से सेवानिवृत्त हुईं शिक्षिका सरला खेतवास बघेल

### सेवानिवृत्त शिक्षिका सरला को दी स्टाफ ने दी भावभीनी विदाई

**अनिल कुशवाह प्रभारी पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-सेसई सड़क स्थित एकीकृत शासकीय विद्यालय में पदस्थ सरला खेतवास बघेल आज सेवानिवृत्त हो गईं। इस अवसर पर समस्त स्टाफ ने उन्हें भावभीनी विदाई दी, समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने कहा कि सरला खेतवास बघेल का कार्यकाल एक वक्त की पाबंद शिक्षिका के रूप में हमेशा याद किया जाएगा। वे हमेशा समय पर विद्यालय आती थीं और स्कूल स्टाफ व स्कूली बच्चों के साथ उनका व्यवहार हमेशा अच्छा रहा। शाला प्रभारी पदम् चंद वैश्य ने कहा कि सरला खेतवास बघेल का कार्यकाल एक आदर्श शिक्षिका के रूप में हमेशा याद किया जाएगा, उनके आदर्श व आचरण से हम सबको प्रेरणा लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि सेवानिवृती एक प्रक्रिया है जिससे हम सबको गुजरना है, हमें हमेशा कोशिश करनी चाहिए कि कार्यस्थल पर हम ऐसा व्यवहार करें जिससे हमें हमारे रिटायरमेंट के बाद भी याद किया जाये। विदाई समारोह में सीएसी राजेश सोनी, बालूराम रावत, शाला प्रभारी पदमचंद वैश्य, गीतवाली श्रीवास्तव, दीप्ति शर्मा, दीप्ति सक्सेना, कपूरी अहिरवार, सरोज गोयल, देवेंद्र कुमार पांडेय, प्रेमलता बघेल, साधना शर्मा आदि उपस्थित थे।



# मुरैना एसपी आशुतोष बागरी जी का पुलिस के साथ अच्छा कोडिनेशन...

### बामौर पुलिस द्वारा 5 बर्ष के गुम बालक को मात्र एक घण्टे में ढूंढ्कर उसके पिता को किया सुपुर्द...

**केशब पंडित जी**

**अम्बाह।** कमल सिंह किरार निवासी खनेता थाना सिविल लाईन का अपने बच्चो के साथ बामौर कस्बे में आया था बाजार में सौदा लेने के दौरान उसका बच्चा ईशू उम्र 5 साल का कहीं बाजार में गुम हो गया जिसकी सूचना उसके पिता द्वारा थाना पर आकर दी जिस पर से थाना प्रभारी बामौर वीरेश सिंह कुशवाह व्दारा तत्परता दिखाते हुये गुम बच्चे की तलाश के लिये दो टीम गठित की गई जिसमे एक टीम मे उनि जोगेन्द्र सिंह यादव मय फोर्स एवं दूसरी टीम मे सउनि किशन सिंह मय फोर्स दोनो टीमों को गुमशुदा बच्चे की पतारसी हेतु रवाना किया गया दोनों टीमों ने अपनी सूझ-बूझ से बच्चे को मात्र एक घण्टे के अंदर ही खोज निकालकर उसके पिता को सुपुर्द कर सराहनीय काम किया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी बामौर वीरेश सिंह कुशवाह, उ.नि जोगेन्द्र सिंह यादव, सउनि किशन सिंह, सउनि निहाल सिंह प्रआर प्रवेन्द्र सिंह, प्रआर राजकुमार सिंह, आर.विपिन सिंह, आर.रोहताल सिंह, आर.चेतराम, आर विवेक सिंह जादौन की सराहनीय भूमिका रही है।








# पुलिस थाना पिछोर की टीम ने दो बदमाश दबोच कर भेजे जेल ।

**राकेश परिहार पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी ।** पुलिस अधीक्षक राजेश चंदेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवपुरी प्रवीण कुमार भूरिया व एसडीओपी पिछोर दीपक सिंह तोमर के निर्देशन में व थाना प्रभारी पिछोर गब्बर सिंह गुर्जर के नेतृत्व में चलाए जा रहे गुंडा विरोधी अभियान के अंतर्गत पुलिस थाना पिछोर की टीम ने ग्राम काली पहाड़ी डामरौन में पड़ोसी राम गोपाल लोधी से झगड़ा करने वाले इंद्र पाल लोधी निवासी काली पहाड़ी को दबोचा ।इंद्रपाल लोधी शराब व गांजा पीने का आदी है और झूठी शिकायत करने का भी आदी है । ग्राम मानपुर में मिडिल स्कूल में शराब पीकर शिक्षकों से शराब पीकर झगड़ा करने वाले राम सिंह लोधी निवासी मानपुर को गिरफ्तार किया । दोनों आरोपियों के विरुद्ध धारा 151 जाब्ता फौजदारी में कार्रवाई कर एसडीएम कोर्ट पेश किया । वहां से दोनों बदमाशों को उप जेल पिछोर भेजा गया ।पुलिस थाना पिछोर की टीम में एएसआई शैलेन्द्र सिंह चौहान ,प्रधान आरक्षक अरविंद यादव,राघवेंद्र चौहान आरक्षक राघवेंद्र पाल व सैनिक अशोक पाठक शामिल रहे ।





# सांसद डॉ ढालसिंह बिसेन ने महेंद्र पटेल को जनपद पंचायत सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किया



**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

बालाघाट बालाघाट सिवनी संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ ढालसिंह बिसेन ने लांजी जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को पत्र प्रेषित कर जनपद पंचायत लांजी के क्षेत्र क्रमांक 13 के सदस्य महेंद्र चमरूलाल पटेल को जनपद पंचायत लांजी में सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किया है। महेंद्र पटेल ने चर्चा में बताया कि जिले के माननीय सांसद डॉ ढालसिंह बिसेन जी के द्वारा मुझे सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किया है, मैं अपना दायित्व पुरी निष्ठा के साथ निभाउंगा। तथा शासन की सभी योजनाओं को आम जनता तक जमीनी स्तर पर पहुंचा कर लाभ दिलवाऊंगा। हमारे साथ सत्यनारायण अग्रवाल भाजपा उपाध्यक्ष, छगन हनवत सांसद प्रतिनिधि, अरूण रहांगडाले सांसद प्रतिनिधि, निलचंद हरिणखेड़े किसान नेता, कमलकिशोर ठाकरे जनप्रतिनिधि, विजय मस्करे सांसद प्रतिनिधि, योगेश कुराहे , अरूण कबिरे, निलकंठ ठाकरे, भुषण बनोठे, विकेश मडामे, भरत कबिरे, तुकाराम बारेकर,भारती चुटे जी उपस्थित रहे। तमाम भाजपा कार्यकर्ताओं ने बधाइयां दी।



# अन्नदाता फिर परेशान बढ़ी खाद की मारामारी।





**उमाकान्त शर्मा पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड**।जिले में अन्नदाताओं की परेशानी कम नहीं हो रही है। अब किसान खाद के लिए परेशान है। जिले में यूरिया और डीएपी खाद के लिए किसानों में मारामारी हो रही है। किसानों को खाद के लिए 3 से 5 दिनों तक लाइन लगाना पड़ रही है, इसके बाद भी उन्हें खाद नहीं मिल रही है। जिसकी वजह से उनकी फसल खराब हो रही है। जिले के पूर्व मंत्री चो. राकेश सिंह ने भी यूरिया की किल्लत पर प्रदेश सरकार पर निशाना साधा है।

भिण्ड जिले के किसान इन दिनों खाद की किल्लत से जूझ रहे है।ज्वार और बाजरा की फसल में यूरिया की जरूरत होती है। बारिश के बाद किसानों को अब यूरिया की जरूरत है जिसके लिए किसान सरकारी खरीदी केंद्रों में 3 से 5 दिनों तक लाइन में लग रहे हैं लेकिन इसके बाद भी उसे खाद नहीं मिल रही है। किसानों ने आरोप लगाया है कि उन्हें बार बार यूरिया के लिए चक्कर लगवाया जा रहा है फिर भी खाद नहीं मिल रही है। अधिकारियों द्वारा खाद की कालाबाजारी की जा रही है। अगर आपकी जान पहचान है तो खाद लेने में कोई परेशानी नहीं है आम किसान को लाइन में काफी जद्दोजहद करनी पड़ रही है।खाद उपलब्ध होने के बाद भी वितरण नहीं हो रहा है। हालात ऐसे हैं कि स्थिति दिन पर दिन भी विस्फोटक होती जा रही है।पूछने पर बता दिया जाता है कि ऊपर से जो आदेश हैं हम उसी आधार पर वितरण कर रहे हैं।आला अधिकारियों का हवाला सुनते ही किसान शांत रह जाता है मगर वितरण करने वाले अधिकारी व कर्मचारी किसी की बात सुनने के लिए ही तैयार नहीं है। इस पर जब हमारे संबाददाता ने वहाँ कार्यरत कर्मचारियों से सम्पर्क करना चाहा तो वहाँ पर मौजूद एक कर्मचारी जिसने अपना नाम अमित कुमार बताया बोला कि अंदर कैश का काम चल रहा है आपके अंदर आने पर आपके खिलाफ कार्यवाही करवा दूंगा।

# यातायात जागरूकता सप्ताह 2022

**अनिल कुशवाह प्रभारी पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-जिले में यातायात सप्ताह 22-08-2022 से 28-08-2022 तक पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन में मनाया गया। जिसमें जिले के समस्त थानों एवं यातायात थाने के द्वारा यातायात संबंधित कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। आज दिनांक 30-08-2022 को यातायात सप्ताह का समापन पुलिस कम्युनिटी हॉल शिवपुरी में किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आदरणीय जिलाधीश



महोदय श्री अक्षय कुमार सिंह सर थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री सहदेव सिंह सर प्रिंसिपल आईबी थे। पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राजेश सिंह चंदेल सर द्वारा मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया एवं सभी का आभार व्यक्त किया गया। यातायात सप्ताह के दौरान जिन बच्चों द्वारा चित्रकला, नुक्कड़ नाटक, यातायात जागरूकता रैली में भाग लिया उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड प्रदान की जाकर उनका सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा उद्बोधन भाषण में बताया गया कि हमें हादसों को कम करने के लिए यातायात नियमों का पालन आवश्यक रूप से करना चाहिए। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा अपने भाषण में यातायात जागरूकता की संपूर्ण जानकारी दी गई एवं दुर्घटनाओं को कैसे रोका जाए इस संबंध में भी लोगों को जागरूक किया। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा गुड सेमेरिटन योजना पर भी लोगों को जागरूक किया। और बताया कि अगर कोई भी व्यक्ति किसी व्यक्ति को एक्सीडेंट होने के बाद उसे गोल्डन आवर में हॉस्पिटल पहुंचाता है तो शासन द्वारा उस व्यक्ति को ?5000 का पुरस्कार भी दिया जाता है अतः एक्सीडेंट की घटना होने के बाद घायल को आवश्यक रूप से अस्पताल पहुंचाना सभी का कर्तव्य है।

# ग्वालियर पहुंची इंटरनेशनल सेंटर फॉर रिस्पॉन्सिबल टूरिज्म टीम

### यूके, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका और फ्रांस सहित विभिन्न देशों के प्रतिनिधि टीम में आए हैं

### रिस्पॉन्सिबल टूरिज्म पर स्टेक होल्डर की बैठक में हुए शामिल

ग्वालियर। यूके (इंग्लैंड), ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका व फ्रांस सहित विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों एवं आईसीआरटी (इंटरनेशनल सेंटर फॉर रिस्पॉन्सिबल टूरिज्म) टीम मंगलवार को ग्वालियर पहुंची। साथ ही मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड द्वारा इंटरनेशनल सेंटर फॉर रिस्पॉन्सिबल टूरिज्म, यूके (ढ्ढष्टक्रञ्ज) के लिए रिस्पॉन्सिबल टूरिज्म पर एक अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी की शुरुआत मंगलवार को ग्वालियर से हुई।

आईसीआरटी के संस्थापक निदेशक और रिस्पॉन्सिबल टूरिज्म पार्टनरशिप के प्रबंध निदेशक डॉ. हेरोल्ड गुडविन के नेतृत्व में टीम ने मंगलवार को यहाँ तानसेन रेसीडेंसी में स्टेक होल्डर (हितधारकों) की बैठक में भाग लिया। बैठक में मध्यप्रदेश में महिलाओं के लिए सुरक्षित पर्यटन स्थलों, होमस्टे, ग्रामस्टे, ग्रामीण पर्यटन, कृषि पर्यटन और युवाओं के कौशल आदि सहित जिम्मेदार पर्यटन के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। साथ ही गाइड, होटल व्यवसायियों और महिलाओं के लिए सुरक्षित पर्यटन गंतव्य के लाभार्थियों सहित विभिन्न स्टेक होल्डर ने बैठक में भाग लिया।



मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड के निदेशक श्री मनोज सिंह ने कहा कि यह टीम 31 अगस्त, से मध्यप्रदेश के समृद्ध विरासत स्थलों और ग्रामीण पर्यटन के तहत विकसित गांवों का दौरा शुरू करेगी। ग्रामस्टे, स्थानीय भ्रमण, पारंपरिक व्यंजन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का अनुभव टीम के सदस्य करेंगे। साथ ही ओरछा में प्रोजेक्ट हमसफर और मंडला में प्रोजेक्ट क्लीन डेस्टिनेशन (सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट) एवं प्रोजेक्ट रिस्पॉन्सिबल सोवेनियर की भी समीक्षा करेंगे।

मंगलवार की शाम ढ्ढष्टक्रञ्ज की टीम ने शाम को बैजाताल और महाराजबाड़ा सहित ग्वालियर शहर के ऐतिहासिक महत्व के स्थानों का दौरा किया।

### बुधवार को आईसीआरटी टीम मितावली व बटेश्वर क्षेत्र के दौरे पर जायेगी

आईसीआरटी की टीम बुधवार 31 अगस्त को मितावली, पढ़ावली, बटेश्वर इत्यादि पर्यटन स्थलों का दौरा करने जायेगी। इसी कड़ी में एक और दो सितंबर को ओरछा और आसपास के गांवों (राधापुर और लाडपुराखास) का भ्रमण यह टीम करेगी। आईसीआरटी की टीम 3 और 4 सितंबर को खजुराहो, मंडला, धमना और बसाटा का दौरा करेगी। इसी क्रम में 6 सितंबर को संस्कृति, पर्यटन और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री सुश्री उषा ठाकुर, प्रमुख सचिव पर्यटन और संस्कृति एवं प्रबंध संचालक टूरिज्म बोर्ड श्री शिवशेखर शुक्ला तथा आईसीआरटी के संस्थापक निदेशक डॉ. हेरोल्ड गुडविन, भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में कला एवं शिल्प प्रदर्शनी का उदघाटन करेंगे। 7 सितंबर को अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी और ङ्खञ्जरू (वर्ल्ड ट्रैवल मार्केट) रिस्पॉन्सिबल टूरिज्म इंडिया अवॉर्ड्स का आयोजन कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर भोपाल में होगा। इसी कड़ी में 8 व 9 सितंबर को टीम ढाबा, चेड़का, सबरवानी, मढ़ाई और पचमढ़ी सहित अन्य गांवों का दौरा करेगी। कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर के प्रांगण में 5 सितंबरसे 10 सितंबर तक कला एवं शिल्प प्रदर्शनी भी लगेगी।

# समझौते से समाधान अभियान एक सराहनीय पहल - राजस्व मंत्री श्री राजपूत

### ग्वालियर-चंबल संभाग के प्रत्येक जिले में अयोजित हुईं कार्यशाला

### महाविद्यालय गोद लेंगे गाँव : योजनाओं का दिलायेंगे लाभ

ग्वालियर। ग्वालियर - चंबल संभाग में शासकीय योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन, छोटे-छोटे विवादों का समझौते से समाधान और बच्चों के समग्र विकास के लिये समझौता से समाधान का नवाचार प्रारंभ किया गया है। इस नवाचार के बेहतर क्रियान्वयन के लिये 30 अगस्त को ग्वालियर-चंबल संभाग के सभी जिलों में कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में दोनों संभाग के महाविद्यालयों को भी जोड़ा गया है। कार्यशाला के अंत में प्रदेश स्तर से राजस्व मंत्री श्री गोविन्द सिंह राजपूत भी जुड़े और उन्होंने समझौता से समाधान के नवाचार की सराहना की।

समझौते से समाधान के लिये आयोजित कार्यशाला में गूगल मीट के माध्यम से उच्च शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री शैलेन्द्र सिंह, उच्च शिक्षा विभाग के आयुक्त श्री दीपक सिंह, विधि विभाग के प्रमुख सचिव श्री विनोद कुमार द्विवेदी भोपाल से जुड़े और उन्होंने अपने विचार भी व्यक्त किए। संभागीय आयुक्त कार्यालय से संभागीय आयुक्त श्री आशीष सक्सेना और एडीजी श्री डी श्रीनिवास वर्मा शामिल हुए। ग्वालियर-चंबल संभाग के प्रत्येक जिले में आयोजित कार्यशाला से जिला कलेक्टर सहित राजस्व, पुलिस और महाविद्यालयों के अधिकारी - कर्मचारी भी शामिल हुए।

प्रदेश के राजस्व मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि ग्वालियर-चंबल संभाग में समझौते से समाधान की जो सराहनीय पहल की गई है उसे प्रदेश के अन्य संभागों में भी लागू किया जाना चाहिए। शासन की योजनाओं का शतप्रतिशत क्रियान्वयन और लोगों के छोटे-छोटे विवादों का समझौते से समाधान एक अनुकरणीय कार्य है। उन्होंने कहा कि विभिन्न महाविद्यालयों को




गाँव गोद देकर उन गाँवों को विवाद रहित बनाने और योजनाओं का लाभ सभी पात्र हितग्राहियों को पहुँचाने के कार्य में सभी को सहयोगी बनना चाहिए। राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण से गाँवों में पैदा होने वाले छोटे-छोटे विवाद स्वतः ही समाप्त हो जायेंगे।

उच्च शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री शैलेन्द्र सिंह ने कहा कि महाविद्यालयों को एक गाँव गोद दिया जाए। उच्च शिक्षा विभाग का यह निर्णय भी है। सामाजिक सरोकारों के कार्यों के साथ-साथ शासन की योजनाओं का लाभ लोग कैसे उठाएँ, इसकी जानकारी महाविद्यालयों के विद्यार्थी ग्रामीणजनों को दें, ताकि अधिक से अधिक लोगों को शासन की योजनाओं का लाभ मिल सके। विवाद रहित गाँव घोषित करने का जो कार्य ग्वालियर-चंबल संभाग में किया जा रहा है वह बहुत ही सराहनीय कार्य है। उन्होंने यह भी कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ जिन गाँवों में लोगों को नहीं मिला है, उसके लिये जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों के विरूद्ध दण्डात्मक कार्रवाई भी की जाए।

विधि विभाग के प्रमुख सचिव श्री विनोद कुमार द्विवेदी ने कहा कि समझौते से समाधान का जो कार्य ग्वालियर-चंबल संभाग में किया जा रहा है, इस अभियान से ग्रामीण क्षेत्र में छोटे-छोटे विवाद हैं उनका निराकरण होगा। राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण से पुलिस एवं न्यायालयों में जो प्रकरण पहुँचते हैं उनमें भी कमी आयेगी।

आयुक्त उच्च शिक्षा श्री दीपक सिंह ने कहा कि उच्च शिक्षा विभाग द्वारा महाविद्यालयों को गोद लेकर सामाजिक सरोकार का कार्य करने के निर्देश पूर्व से ही हैं। ग्वालियर-चंबल संभाग में शासकीय योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन और ग्रामीण एवं युवाओं को प्रेरित करने का जो कार्य किया जा रहा है उससे ग्रामीणजनों को लाभ मिलेगा।

ग्वालियर-चंबल संभाग के आयुक्त श्री आशीष सक्सेना ने कार्यशाला में कहा कि ग्वालियर-चंबल संभाग के 281 महाविद्यालयों को कार्यशाला से जोड़ा गया है। 25 महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन के लिये चिन्हित ग्रामों में सर्वेक्षण कर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि ग्वालियर-चंबल संभाग के सभी जिलों में 17 सितम्बर से चिन्हित गाँवों में सर्वेक्षण का कार्य प्रारंभ किया जाकर 2 अक्टूबर को पंचायत स्तर पर समझौते से समाधान का एक विशेष कैम्प आयोजित किया जायेगा, जिसमें हितग्राहियों को लाभान्वित करने का कार्य होगा। शासन की योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिये मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा दिए गए निर्देश के परिपालन में 17 सितम्बर से 31 अक्टूबर तक विशेष अभियान भी दोनों संभागों में संचालित किया जायेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### ग्वालियर जिले में गणेश चतुर्थी पर स्थानीय अवकाश

**कलेक्टर श्री सिंह द्वारा जिले के लिये तीन स्थानीय अवकाश घोषित**

ग्वालियर। ग्वालियर जिले में गणेश चतुर्थी यानि बुधवार 31 अगस्त को पूरे दिवस के लिये स्थानीय अवकाश रहेगा। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह द्वारा गणेश चतुर्थी सहित जिले में मौजूदा वित्तीय वर्ष के लिये तीन स्थानीय अवकाश घोषित किए गए है। उन्होंने सामान्य प्रशासन विभाग की अधिसूचना के तहत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए यह अवकाश घोषित किए हैं। स्थानीय अवकाश का यह आदेश बैंक, कोषालय एवं उपकोषालयों पर लागू नहीं होगा। जिले में मौजूदा वित्तीय वर्ष के दौरान गणेश चतुर्थी के अलावा महानवमी (दशहरा) 4 अक्टूबर एवं भाईदूज 27 अक्टूबर को स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है।

### खराब विद्युत मीटरों को तत्काल बदल कर मीटर रीडिंग के आधार पर बिल जारी करें

**ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने दिये निर्देश**

ग्वालियर। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि खराब विद्युत मीटरों को तत्काल बदल कर मीटर रीडिंग के आधार बिल जारी किये जायें। उन्होंने कहा है कि विगत दो माह में अतिरिक्त आकलित खपत के ऐसे देयक जिनमें घरेलू उपभोक्ता द्वारा आपत्ति की गई है, का नियमानुसार एवं आवास के भौतिक निरीक्षण के बाद बिल को संशोधित किया जाये। साथ ही जब तक इसका निराकरण नहीं होता तब तक ऐसे विद्युत कनेक्शन काटे नहीं जायें। श्री तोमर ने कहा है कि अगर मीटर बदलना संभव नहीं हो तो आकलित खपत के देयर को जारी करने के पहले निहित प्रावधानों के अतिरिक्त संबंधित उपभोक्ता के आवास का भौतिक निरीक्षण भी अनिवार्य रूप से किया जाए। जिससे बिजली बिल के भुगतान में कोई विवाद नहीं हो। उन्होंने कहा है कि ऐसी शिकायतें मिली हैं कि कई उपभोक्ताओं के विद्युत देयक आकलित खपत के आधार पर बढ़ा दिये गये हैं। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने यह निर्देश भी दिए हैं कि 10 किलोवाट के गैर घरेलू उपभोक्ताओं के संयोजन पर मीटर में अधिकतम मांग, संविदा मांग से अधिक पाये जाने पर उपभोक्ता को नोटिस देकर नियमानुसार एवं संबंधित उपभोक्ताओं को सुनवाई का अवसर देने के बाद पेनल बिलिंग एवं भार वृद्धि की कार्यवाही की जाये।

### कृषि विश्वविद्यालय में गेहूं एवं जौ अनुसंधान गोष्ठी का समापन 31 अगस्त को

ग्वालियर। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद संस्थान, करनाल एवं राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय ग्वालियर के संयुक्त तत्वावधान में चल रही 61वीं अखिल भारतीय गेहूं एवं जौ अनुसंधान कार्यकर्ता गोष्ठी का समापन 31 अगस्त प्रातः 11.30 बजे होगा। यह जानकारी विश्वविद्यालय के संचालक अनुसंधान सेवाये डॉ. संजय शर्मा ने देते हुए बताया कि गोष्ठी के दूसरे दिन विभिन्न सत्रों में वैज्ञानिकों द्वारा आलेख पढ़े गये। जिसमें भारत मंज गेहूँ फसल प्रबंधन, संसाधन प्रबंधन, पौध संरक्षण, जौ सुधार तथा गेहूँ की गुणवत्ता में सुधार हेतु किये जा रहे अनुसंधानों पर चर्चा की गई। देशभर में चल रहे गेहूं अनुसंधान केन्द्रों पर हो रहे अनुसंधान कार्यो की जानकारी संबंधित परियोजना प्रभारियों द्वारा प्रस्तुत किए गए। आज हुये सत्रों में मुख्य रूप से डॉ. ज्ञानेन्द्र सिंह, डॉ. एस. सी. त्रिपाठी, डॉ. सुधीर कुमार, डॉ. डी.पी. गंगवार आदि वैज्ञानिकों ने इन विषयों पर अपने विचार रखें। वहीं विभिन्न सत्रों की अध्यक्षता भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के उप महानिदेशक डॉ. तिलकराज शर्मा, अतिरिक्त महानिदेशक डॉ. आर.के. सिंह एवं गेहूँ एवं जौ अनुसंधान संस्थान करनाल के निदेशक डॉ. जी.पी. सिंह द्वारा की गई।

### मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम के लिये शहर के विभिन्न कॉलोनियों व मोहल्लों में किया कीटनाशक दवाओं का छिडकाव

ग्वालियर। संक्रामक बीमारियों एवं मच्छरों की रोकथाम के लिए नगर निगम द्वारा सभी वार्डों में फॉगिंग एवं कीटनाशक दवाओं का छिड़काव कराया जा रहा है। जिसके तहत आज मंगलवार को शहर के विभिन्न वार्डों में कीटनाशक दवाओं का छिड़काव एवं फॉगिंग कराई गई। मुख्य स्वच्छता अधिकारी डॉ वैभव श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि महापौर डॉ शोभा सतीश सिंह सिकरवार एवं नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल के निर्देश पर शहर के विभिन्न वार्डों की गलियों एवं मोहल्लों में निरंतर साफ-सफाई एवं फॉगिंग व कीटनाशक दवाओं का छिडकाव का कार्य कराया जा रहा है। इसके साथ ही शहर के अन्य भागों में भी कीटनाशक दवाओं का छिड़काव कराया गया।

### अपने संस्कारों, संस्कृति को आत्मसात करे :मुनिश्री

ग्वालियर। धर्म के मूल में ही व्यक्ति का कल्याण है। जीवन में अपने धर्म, देव, गुरु, माता, पिता को कभी नहीं भुलाना चाहिए। धर्म ही संकट के समय साथ देगा। सुख में सब साथ देते हैं लेकिन दुःख के समय धर्म, ही साथ देता है। अपने संस्कारों, संस्कृति को आत्मसात करे। जिसने भी गुरु माता-पिता को धोखा दिया है, उनको कष्ट सहन करना पड़ा है। माता-पिता, गुरु के उपकार कभी नहीं भूलना चाहिए।यह बात श्रमण मुनिश्री विनय सागर महाराज ने साधनमय बर्षयोग समिति एवं सहयोगी संस्था पुलक मंच परिवार ग्वालियर व मुख्य संयोजक मनोज जैन, जैन कालेज के संयुक्त तत्वावधान में आज मंगलवार को माधवगंज स्थित चातुर्मास स्थल अशियाना भवन में चल रहे 48 दिवसीय भक्तामर विधान में धर्मसभा को संबोधित करते हुए कही। मुनिश्री ने कहा कि शिक्षा संस्कारों के साथ मिले उसे स्वीकार करना चाहिए। प्रभु का नाम, ज्ञान, ईश्वर की आराधना, जिनवाणी, गुरुवाणी करना चाहिए। धर्म के आगे दुनिया को झुकना ही पड़ता है।

# निगमायुक्त श्री कन्याल ने किया स्वर्णरेखा नाले का निरीक्षण



ग्वालियर। निगमायुक्त श्री किशोर कन्याल द्वारा प्रतिदिन किए जा रहे साफ सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के तहत आज मंगलवार निगमायुक्त श्री कन्याल सुबह अचानक बस स्टैंड स्थित नगर निगम के डिपो पर पहुंचे, जहां उन्होंने सभी कर्मचारियों से बात की साथ ही फॉगर मशीनों को विधानसभा वार भेजने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त श्री किशोर कन्याल ने दक्षिण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत हनुमान बांध पहुंचकर बांध का निरीक्षण किया तथा हनुमान बांध में उग रही जलकुंभी को हटाने के निर्देश दिए। इसके बाद नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने हनुमान बांध से लक्ष्मीगंज तिराहे तक स्वर्णरेखा नाले का निरीक्षण किया। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर साफ सफाई व्यवस्था को देखा तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त श्री अतेंद्र सिंह गुर्जर, उपायुक्त श्री अमर सत्य गुप्ता, अधीक्षण यंत्री श्री जेपी पारा, नोडल अधिकारी श्री शिशिर श्रीवास्तव, उपायुक्त श्री केशव सिंह चैहान, मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी श्री वैभव श्रीवास्तव, स्वास्थ्य अधिकारी श्री भीष्म पमनानी, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी श्री विक्रम तोमर आदि उपस्थित रहे।

### निगमायुक्त ने जनसुनवाई के लिए खडे लोगों के लिए डलवाई कुर्सियां और समयसीमा में समस्या निराकरण के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश



ग्वालियर। आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए नगर निगम मुख्यालय में आयोजित जनसुनवाई में आने वाले आमजन आराम से बैठ कर अपनी बात अधिकारियों को बता सकें इसके लिए नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने आज जनसुनवाई में आने वाले लोगों के लिए कुर्सियों डलवाई गई। इसके साथ ही सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनसुनवाई में आने वाले नागरिकों की समस्या का निराकरण गंभीरता से निर्धारित समय सीमा में सुनिश्चित करें जिससे नागरिकों को बार-बार परेशान न होना पडे। जनसुनवाई के दौरान अपर आयुक्त श्री मुकुल गुप्ता, अपर आयुक्त वित्त श्रीमती रजनी शुक्ला, अधीक्षण यंत्री श्री जेपी पारा, उपायुक्त डॉ प्रदीप श्रीवास्तव सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। सिटीसेंटर स्थित निगम मुख्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान बुजुर्ग व्यक्ति भी अपनी समस्याएं लेकर आती हैं और वह लाइन में खड़े रहते हैं। इस दर्द को नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने समझा और जनसुनवाई हॉल में जहां आवेदक लाइन लगाते हैं, वहां कुर्सियां डालवाईं और प्रति मंगलवार यह व्यवस्था करने को कहा ताकि लोग आराम से बैठ कर अपनी समस्याएं कह सकें। इसके साथ ही जनसुनवाई के दौरान क्षेत्रीय कार्यालयों पर लंबित जनसुनवाई के आवेदनों की जानकारी ली और तत्काल निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न क्षेत्रों साफ सफाई एवं अतिक्रमण व सीवर समस्या को लेकर आवेदन प्राप्त हुए जिनको लेकर निगमायुक्त श्री कन्याल ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। जनसुनवाई में पेयजल, अतिक्रमण, सफाई, विद्युत, आवास, सीवर सफाई आदि से संबंधित लगभग 3 दर्जन आवेदन प्राप्त हुए, जिनके निराकरण के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश निगमायुक्त ने दिए।

## भारत के आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर पूरा देश स्वतंत्रा संग्राम मैं भाग लेने वाले लोगों को और अमर शहीदों को याद कर रहा है और उनकी कुर्बानी याद कर रहा है



ग्वालियर। इसी उद्देश्य को लेकर भारत सरकार के राष्ट्रीय अंनूसूचित जनजाति आयोग ने फैसला लिया हमारे जो शिक्षा के मंदिर हैं उनमें जो विद्यार्थी अध्ययन कर रहे हैं उन तक जनजाति जननायक हुए हैं उनकी भी वीरगाथा और उनकी स्वागथा उनके बीच पहुंचना चाहिए इस उद्देश्य को लेकर पूरे भारत में जनजाति आयोग के द्वारा 125 विश्वविद्यालयों में स्वतंत्रता संग्राम मैं भाग लेने वाले जनजाति जननायक के योगदान पर राष्ट्रीय संगोष्ठी कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं इसी श्रंखला में ग्वालियर से दो विश्वविद्यालयों को चयन किया गया है पहला विश्वविद्यालय राजा मानसिंह तोमर संगीत विश्वविद्यालय है दूसरा जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर है राजा मानसिंह तोमर संगीत विश्वविद्यालय में 2 सितंबर को आयोजन हो रहा है जीवाजी विश्वविद्यालय के गालव सभागार में 7 सितंबर को आयोजन होगा इस आयोजन के पीछे उद्देश इतना है कि जनजाति नायक है हमारे जो बंधु हैं जो वनों में रहते हैं गांव में रहते हैं मजरे ट्रोरो मे रहते हैं उनके जो पूर्वजों ने इस आजादी के संग्राम में बड़ा योगदान दिया है और कई ऐसे अनाम जननायक है इनके बारे में आज इनकी पीढ़ी नहीं जानती उनके बारे में और उनका नाम भी नहीं जानती इस आयोजन के माध्यम से जो नई पीढ़ी है उन तक उन जननायक कीर्ति मानो को पहुंचाना है उनके बारे में बताना है और उनको ध्यान रहे उनके जो पूर्वज है उन्होंने भी आजादी के संग्राम में बहुत बड़ा हिस्सा लिया था और अपनी कुर्बानी भी दी है, डॉक्टर रामदीन त्यागी जो इस कार्यक्रम के प्रांतीय अध्यक्ष हैं ने बताया कि पूरे भारत में वातावरण बनाया है कुछ लोगों के द्वारा कुछ लोगों ने इस आजादी को दिलवाया है बिना लड़ाई झगड़े के बिना कुछ किए यह सत्य नहीं है इस स्वतंत्रता को दिलाने मैं आप के और हमारे पूर्वज थे उन्होंने भी बहुत बड़ा योगदान दिया है खास तौर पर जो लोग गांव में रहते हैं मजरे टोल में रहते हैं।

# कलेक्ट्रेट की जन-सुनवाई में जरूरतमंदों को मिली मदद



### कलेक्टर ने जाति प्रमाण-पत्र बनवाने आए फरियादियों के आवेदन लोक सेवा केन्द्र में कराए दर्ज

ग्वालियर। कलेक्ट्रेट की जन-सुनवाई में किसी के निःशुल्क इलाज तो किसी के बच्चों की पढ़ाई का इंतजाम हुआ। इसी तरह किसी की जमीन संबंधी समस्या हल होने और किसी के जाति प्रमाण-पत्र बनने की रूपरेखा तैयार हुई। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आशीष तिवारी सहित जिला प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने सभी फरियादियों की एक - एक कर समस्यायें सुनीं और उनके आवेदनों के निराकरण की रूपरेखा तय की। इस बार की जन-सुनवाई में लगभग 125 फरियादियों की समस्यायें सुनी गईं।

मंगलवार को कलेक्ट्रेट में हुई जन-सुनवाई में जाति प्रमाण-पत्र न बनने की शिकायतें लेकर मोगिया एवं गौंड जनजाति समुदाय के कुछ फरियादी पहुँचे थे। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने इन फरियादियों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना। साथ ही उन्हें भरोसा दिलाया कि राज्य शासन के प्रावधानों के तहत पात्रता के अनुसार सभी आवेदकों के जाति प्रमाण-पत्र बनवाए जायेंगे। उन्होंने जन-सुनवाई में पहुँचे सभी लोगों के जाति प्रमाण-पत्र संबंधी आवेदन पत्र लोक सेवा केन्द्र में दर्ज कराने के निर्देश लोक सेवा प्रबंधक को दिए। साथ ही संबंधित अनुविभागीय राजस्व अधिकारी को निर्देश दिए कि आवेदनों व दस्तावेजों का परीक्षण कर जाति प्रमाण-पत्र संबंधी सभी आवेदनों का जल्द से जल्द निराकरण करें। जन-सुनवाई में चर्चा के दौरान यह बात सामने आई है कि ऐसा कोई दस्तावेज इन परिवारों के पास नहीं है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णौपुरम्, एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रित करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनूमान मंदिर के पास, भिण्ड रोड, गोले का मंदिर जिला ग्वालियर, मध्य प्रदेश 474005 से प्रकाशित। संपादक- भरत सिंह चौहान पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार। E-mail : pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, M.: 8269307478